रोहतक
शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 246
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 36.7°C
न्यून. 20.2°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम



जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले

अब सीधे गिरफ्तार नहीं कर पाएंगे जीएसटी अधिकारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अब 5 करोड़ से कम की टैक्स चोरी या गड़बड़ी करने वालों को टैक्स अधिकारी सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे। यह फैसला गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में बैठक में लिया गया। बैठक में इसके अलावा कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। जीएसटी मामलों में आपराधिक केस की न्यूनतम सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई है। यानी 5 करोड़ रुपये से कम की गड़बड़ी को सिर्फ जुर्माना भरकर सुलझाया जा सकेगा। इसके अलावा, 10 हजार रुपये से कम की टैक्स चोरी पर कारोबारी को नोटिस भी नहीं दिया जाएगा। काउंसिल ने ऑनलाइन सामान बेचने वाले छोटे दुकानदारों के लिए भी नियम आसान बनाए गए हैं, हालांकि मौजूदा टैक्स स्लैब या रेट स्ट्रक्चर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इन पर लगी मुहर

- बैठक में टैक्स प्रशासन, रिफंड, छोटे कारोबारियों और कर्मचारियों से जुड़े जीएसटी नियमों को लेकर कई अहम फैसले लिए गए।
- रिफंड दावों को स्वीकार करने की समय सीमा 15 दिन से घटाकर 10 दिन की जाएगी।
- कर्मचारियों के लिए लिए गए इंश्योरेंस कवर पर भुगतान किए गए जीएसटी पर नियोक्ताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट मिलने का प्रावधान किया गया है।
- जीएसटी काउंसिल ने नोटिस और कर संबंधी कार्यवाही के लिए कॉमन स्टैंडर्ड की सिफारिश की है।
- ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए सामान या सेवाएं बेचने वाले छोटे करदाताओं के जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल करने की सिफारिश की गई है।
- वित्त मंत्री ने कहा कि आगे दर से जुड़े मुद्दों पर साल में एक बार विचार किया जाएगा।
- 57वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में किसी जीएसटी दर में बदलाव नहीं किया गया।
- सरकार सीजीएसटी में फेसलेस टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन लागू करने की दिशा में काम कर रही है।

आपराधिक केस की न्यूनतम सीमा एक से बढ़ाकर 5 करोड़ की
रिफंड दावों को स्वीकार करने की सीमा घटाकर 10 दिन की गई

कारोबारियों के लिए ये फैसले



- जीएसटी काउंसिल की बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उप-मुख्यमंत्रियों, वित्त मंत्रियों और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। काउंसिल द्वारा मंजूर किए गए प्रमुख प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक सुधार निम्नलिखित हैं:
- **गिरफ्तारी शक्तियों पर नियंत्रण:** निर्दिष्ट मामलों में जीएसटी अधिकारियों की मनमानी गिरफ्तारी शक्तियों को समाप्त या सीमित कर दिया गया है।
- **अभियोजन की सीमा में इजाफा:** आपराधिक मुकदमा शुरू करने की न्यूनतम सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे मामूली या गैर-गंभीर कर मामलों में आपराधिक कार्यवाही का जोखिम कम होगा।
- **शो-कॉज नोटिस के लिए थ्रेशोल्ड:** कर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने के लिए शो-कॉज नोटिस जारी करने हेतु न्यूनतम 10,000 रुपये की सीमा तय की गई है।
- **राइडर डिलीवरी सेवाओं पर टैक्स कटौती:** अनरजिस्टर्ड राइडर डिलीवरी सेवाओं पर जीएसटी दर को 18% से घटाकर 5% कर दिया गया है।
- **ई-कॉमर्स विक्रेताओं को सुविधा:** लगभग 9.5 लाख छोटे विक्रेताओं को बिना हर राज्य में भौतिक उपस्थिति के, प्लेटफॉर्म वेयरहाउस को व्यवसाय के स्थान के रूप में पंजीकृत करने की अनुमति दी गई है।

उड़ गया 'परिंदा'

दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर नहीं रहे

जन्म : 1 जनवरी 1951
निधन : 8 अक्टूबर 2026



एजेंसी ▶▶ पणजी

नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें गोवा स्थित घर में कार्डियक अरेस्ट हुआ। उन्हें करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन बचाया नहीं जा सका। नाना का पार्थिव शरीर पुणे के डोंजे गांव स्थित उनके घर ले लाया गया, जहां उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मणिपाल हॉस्पिटल के डॉ. शेखर सालकर के मुताबिक नाना पाटेकर का सुबह 5:20 बजे निधन हुआ। घटना के वक्त नाना के साथ घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था। उनके दोस्त और केयरटेकर मौजूद थे। नाना पाटेकर का 4 दिन पुराना आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें नाना पाटेकर ड्रम बजाते, डांस करते और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा था, "हम सभी को एक दिन जाना है। पता नहीं मैं कल यहां रहूंगा या नहीं।" नाना पाटेकर ने 100 से ज्यादा फिल्में कीं। 1989 की फिल्म 'परिंदा' में नाना ने अन्ना का किरदार निभाया, जिसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। 1994 की 'क्रांतिवीर' के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। 1996 की 'अग्निसाक्षी' के लिए भी उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। इस तरह उन्हें करियर में 3 नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिले। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए नाना पाटेकर को 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। फिल्मी करियर में उन्होंने हिंदी के साथ मराठी फिल्मों में भी काम किया।


सुबह 5:20 बजे घर में कार्डियक अरेस्ट आया, 45 मिनट तक सीपीआर दी, नहीं बच पाई जान

■

100 से ज्यादा यादगार फिल्में कीं, 3 नेशनल अवॉर्ड

मौत से बढ़कर कोई दोस्त नहीं, पढ़े पेज -8 पर

सभी सेवाएं फोन में, 5 लाख करोड़ गलत हाथों में जाने से बचे : मोदी



मोबाइल कांग्रेस को पीएम मोदी ने किया संबोधित

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के दूसरे दिन पीएम मोदी ने कहा कि आज सरकार की बैंक, अस्पताल, सरकारी दफ्तर जैसी सैकड़ों सर्विसेज मोबाइल पर हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से अब तक करीब 50 लाख करोड़ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। इससे बिचौलियों और फर्जीवाड़े पर रोक लगी और लगभग 5 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बच गए। इंडिया मोबाइल कांग्रेस का एआई और 6जी पर फोकस रहेगा।

मोबाइल सिर्फ गपशप या चैट करने का जरिया नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि आज मोबाइल फोन केवल गपशप या चैट करने का जरिया नहीं रह गया है, बल्कि यह आम लोगों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। भाषा या दूरी की रुकावटें खत्म हो गई हैं। अब लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने और लंबी लाइनों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बच रहा है। मोबाइल गुड गवर्नेंस का बड़ा औजार बन चुका है।

शराब तस्करी में हांसी का लॉ स्टूडेंट देहरादून से गिरफ्तार

हांसी/देहरादून। हांसी निवासी 25 वर्षीय लॉ छात्र गर्वित उर्फ विक्रांत ने पढ़ाई के साथ देहरादून में शराब तस्करी का ऐसा नेटवर्क खड़ा कर लिया, जिसका कनेक्शन उत्तराखंड के बड़े कॉलेजों तक पहुंच गया। पुलिस ने गर्वित और उसकी मां समेत उसके एक साथी आदित्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी हरियाणा और दिल्ली से सस्ती व इंपोर्टेड शराब लाकर देहरादून के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सप्लाई करते थे। पुलिस के मुताबिक गर्वित वर्ष 2022 में देहरादून की उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में एलएलबी की पढ़ाई करने पहुंचा था।

मां और साथी को भी पकड़ा, कैफे की आड़ में हरियाणा से शराब लाकर कॉलेजों में की सप्लाई

एचपीएससी : सोनीपत के अभिषेक टॉपर, 394.50 अंक प्राप्त किए

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने एग्जीक्यूटिव ब्रांच और अन्य अलाइड सर्विसेज एग्जाम-2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। 675 नंबर के इस एग्जाम में जनरल कैटेगरी में सोनीपत के अभिषेक सरोहा ने 394.50 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। हिसार के कुलदीप 392.90 अंक के साथ दूसरे और लखनऊ के इशा काला 388.60 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, हिसार की छवि पांचवें, चरखी दादरी के रजत फौगाट छठे, कुरुक्षेत्र के राहुल सैनी सातवें स्थान पर रहे। आयोग के मुख्यालय में 3 से 8 अक्टूबर तक इंटरव्यू और पर्सनलिटी टेस्ट आयोजित किए गए थे।

हिसार के कुलदीप 392.90 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे

42 पूर्व जजों ने खोली राहुल की पोल, बोले-एसआईआर सही

बिना सबूत वोट चोरी का आरोप घटा सकता है भरोसा

नई दिल्ली। चुनाव आयोग और एसआईआर को लेकर जारी विवाद के बीच 42 पूर्व जजों ने सीईसी ज्ञानेश कुमार का समर्थन किया है। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं पर बिना सबूत आरोप लगाने से बचने की अपील की। पूर्व जजों ने एक लेटर पर साइन किए हैं। इसमें कहा गया है कि शिकायतें लोकतांत्रिक और कानूनी तरीकों से उठाई जानी चाहिए। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को भी सही बताया है। लेटर में चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों पर जजों ने कहा कि इनके समर्थन में सबूत नहीं दिए गए हैं। बिना सबूत संवैधानिक संस्थाओं पर हमले चुनावी प्रक्रिया में लोगों का भरोसा कमजोर कर सकते हैं। इस पत्र में पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस पंकज मित्तल के भी साइन हैं। लेटर में लिखा है- वोट चोरी के आरोप अदालतों में नहीं, बल्कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए जाते हैं।

■ शिकायतें लोकतांत्रिक और कानूनी तरीकों से उठाई जानी चाहिए



कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को मिला सम्मान

पुरानी ग्रीक-रोमन कहानियों को आधुनिक जिंदगी से जोड़ने वाली लेखिका को साहित्य का नोबेल

एजेंसी ▶▶ स्टॉकहोम

कनाडा की लेखिका और कवयित्री ऐन कार्सन को 2026 का साहित्य नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने उन्हें ऐसी रचनाओं के लिए सम्मानित किया है, जिनमें उन्होंने पुराने यूनानी-रोमन साहित्य को आज की जिंदगी, प्यार, रिश्तों और दुख से जोड़ा। नोबेल समिति ने कहा कि कार्सन की खासियत यह है कि वह पुरानी कहानियों को सिर्फ दोबारा नहीं लिखतीं, बल्कि उनमें अपनी कल्पना और आज की जिंदगी की भावनाएं जोड़ देती हैं। उनकी रचनाओं में कविता, कहानी और निबंध की सीमाएं भी कई बार खत्म हो जाती हैं। यही वजह है कि उनका लेखन बाकी लेखकों से काफी अलग नजर आता है। कार्सन का जन्म 1950 में कनाडा के टोरंटो में हुआ था। उन्होंने प्राचीन यूनानी और रोमन साहित्य की पढ़ाई की। 1981 में उन्होंने इसी विषय पर अपनी डॉक्टरेट की थीसिस प्रकाशित की।

एक राक्षस की कहानी को प्यार और हिंसा की कहानी बना दिया



कार्सन की चर्चित किताबों में 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ रेडः ए नॉवेल इन वर्स' भी शामिल है। 1998 में प्रकाशित यह किताब हजारों साल पुरानी यूनानी कथा पर आधारित है। इसमें गेरियोन नाम का एक पंखों वाला लाल राक्षस है। कार्सन ने इस पुराने मिथक को बिल्कुल नए तरीके से लिखा। उनकी कहानी में गेरियोन सिर्फ एक राक्षस नहीं, बल्कि अपनी मां से प्यार करने वाला संवेदनशील युवक है।

कार्सन की 2 और चर्चित पुस्तकें

नॉक्सः यह किताब 2010 में प्रकाशित हुई थी। ऐन कार्सन ने इसे अपने भाई माइकल की याद में लिखा था। माइकल की 2000 में डेनमार्क में मौत हो गई थी। उनकी मौत से पहले वह रहस्यमय तरीके से परिवार से दूर हो गए थे।

द ब्यूटी ऑफ द हसबैंडः यह किताब 2001 में प्रकाशित हुई। यह एक ऐसे पति की कहानी है, जो अपनी पत्नी को धोखा देता है। कार्सन ने इस रिश्ते की कहानी को 29 हिस्सों में बांटा। हर हिस्सा कवि जॉन कीट्स की पंक्तियों से शुरू होता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में हिस्सा लिया

जीएसटी संग्रह में हरियाणा देश के टॉप-5 राज्यों में

मुख्यमंत्री ने बैठक में एकमुश्त छूट, केंद्र-राज्य प्रवर्तन में तालमेल और पूर्व प्रभावी पंजीकरण रद्द करने पर शर्त के तीन प्रस्ताव रखे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि देश के कुल क्षेत्रफल में करीब 1.3 प्रतिशत और आबादी में करीब दो प्रतिशत हिस्सेदारी वाला हरियाणा सितंबर 2026 में 10,097 करोड़ रुपये के सकल जीएसटी संग्रह के साथ राज्यों में पांचवें स्थान पर रहा। यह देश के घरेलू जीएसटी संग्रह का सात प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री ने परिषद के समक्ष तीन प्रमुख प्रस्ताव रखे। उन्होंने वित्त वर्ष 2017-18 से 2019-20 से जुड़े मामलों में अपील दायर करने की समय-सीमा में एकमुश्त छूट देने की मांग की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में ऐसे 646 मामले हैं, जिनमें केवल देरी के कारण अपील खारिज हुई और इन मामलों में 567.43 करोड़ रुपये की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित छूट में कर, ब्याज और जुर्माने समेत सभी तरह की मांग को शामिल किया जाना चाहिए।

पहली छमाही में जीएसटी राजस्व 26 फीसदी बढ़ा

सैनी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में हरियाणा का राज्य जीएसटी राजस्व आईजीएसटी सेटलमेंट में राज्य के हिस्से समेत 39,743 करोड़ से बढ़कर 48,289 करोड़ रुपये हो गया। यह 22 प्रतिशत वृद्धि है, जो राज्यों में सबसे अधिक रही, जबकि राष्ट्रीय औसत छह प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में राज्य जीएसटी राजस्व 29,108 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 23,058 करोड़ रुपये के मुकाबले 26 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी के बावजूद राजस्व बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में दरें घटाई गईं, वहां हरियाणा के करदाताओं का टर्नओवर पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत बढ़ा है। ट्रैक्टर और उनके पुर्जों में यह वृद्धि 52 प्रतिशत और ऑटो पार्ट्स में 46 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि इससे किसानों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत मिली है और बढ़ी मांग के रूप में इसका लाभ अर्थव्यवस्था को मिला है।

केंद्र और राज्य के बीच बेहतर तालमेल का सुझाव

मुख्यमंत्री ने दूसरे प्रस्ताव में उन्होंने केंद्र और राज्य के जीएसटी अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई में तालमेल के लिए तकनीक आधारित व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई बार करदाताओं को एक ही विषय में दोनों प्रशासनों की ओर से समन, जांच और निरीक्षण का सामना करना पड़ता है। इससे उन्हें बार-बार दस्तावेज देने पड़ते हैं और समय व संसाधन खर्च होते हैं। तीसरे प्रस्ताव में उन्होंने पूर्व प्रभावी तारीख से जीएसटी पंजीकरण रद्द करने पर शर्त लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस अवधि में करदाता द्वारा वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के प्रमाण हों, उस अवधि का पंजीकरण रद्द नहीं किया जाना चाहिए। इससे ईमानदार खरीदारों के इनपुट टैक्स क्रेडिट पर असर पड़ता है।

पंजाब में तैनाती से नहीं छिनेगा दंपती मामला अंक, हरियाणा कर्मचारी को हाईकोर्ट से राहत

चंडीगढ़। पंजाब के नंगल में पति की तैनाती होने के आधार पर हरियाणा सरकार की महिला कर्मचारी को दंपती मामले के 10 मेरिट अंक देने से इनकार नहीं किया जा सकता। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) में हरियाणा के हिस्से के कोटे के पद पर तैनात कर्मचारी का मूल कैडर हरियाणा सरकार का ही रहता है। केवल कार्यस्थल पंजाब में होने से उसकी सेवा का चरित्र नहीं बदल जाता। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग की नियमित सहायक प्रोफेसर (भौतिकी) की याचिका स्वीकार करते हुए उसे दंपती मामले के तहत 10 मेरिट अंक देने का निर्देश दिया। साथ ही सरकार को संशोधित मेरिट के आधार पर उसके तबादले के दावे पर दोबारा विचार करने को कहा। याचिकाकर्ता की नियुक्ति 12 जुलाई 2018 को हुई थी और उसकी तैनाती फतेहाबाद जिले के रतिया स्थित राजकीय कालेज में थी। हरियाणा सरकार की 25 जून को अधिसूचित माडल ऑनलाइन तबादला नीति-2026 में दंपती मामले के तहत 10 अतिरिक्त मेरिट अंक का परविधान है।

शराब के नशे में बस चलाने वाले चालक की बर्खास्तगी बरकरार

चंडीगढ़। शराब के नशे में बस चलाना चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) के चालक को महंगा पड़ा है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने चालक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने कहा कि श्रम अदालत ने मामले में उपलब्ध साक्ष्यों और चालक के बयानों पर उचित विचार करने के बाद फैसला सुनाया था। ऐसे में उसके आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता। जस्टिस कीर्ति सिंह ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि श्रम अदालत ने घटना के बाद चालक के चिकित्सकीय परीक्षण और उसके संबंध में हुई कार्रवाई सहित महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार किया था। हाई कोर्ट को श्रम अदालत के 13 फरवरी, 2025 के फैसले में न तो कोई कानूनी त्रुटि मिली।

बल्लभगढ़ से पलवल तक दौड़ेगी मेट्रो, फाइनल रिपोर्ट को मंजूरी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बल्लभगढ़-पलवल मेट्रो विस्तार परियोजना की अंतिम व्यवहार्यता रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेज दी गई है। गुरुग्राम रैपिड मेट्रो में यात्रियों की संख्या और परिचालन से होने वाली आय में उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचएमआरटीसी) की 66वीं बोर्ड बैठक में दी गई। एचएमआरटीसी प्रबंध निदेशक अजय ने बताया कि अप्रैल से अगस्त 2026 के दौरान गुरुग्राम रैपिड मेट्रो में 88.81 लाख यात्रियों ने सफर किया, जबकि



■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एचएमआरटीसी की 66वीं बैठक

पिछले वर्ष इसी अवधि में 79.57 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी। इस प्रकार यात्रियों की संख्या में 11.62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एचएमआरटीसी की परिचालन से होने वाली आय भी अप्रैल-अगस्त 2026 के दौरान बढ़कर 18.60 करोड़ रुपये हो गई, जबकि वर्ष 2025 की इसी अवधि में यह 16.66 करोड़ रुपये थी।

पुलिस का बड़ा एक्शन : गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले 67 गाने हटाए

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस की स्टेट टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने इंटरनेट मीडिया पर नशा, गैंगस्टर, गैंग संस्कृति, हथियारों और हिंसा के महिमामंडन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। अभी तक 67 गाने आनलाइन प्लेटफार्म से हटाए जा चुके हैं, जिनमें आपराधिक जीवनशैली को ग्लैमर के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि गैंग, गैंगस्टर, हथियारों एवं हिंसा का महिमामंडन करने वाले आनलाइन कंटेंट की पहचान और समीक्षा के लिए एसटीएफ में एक समर्पित समिति बनाई गई है।



समिति द्वारा गीतों, म्यूजिक वीडियो तथा अन्य डिजिटल सामग्री की लगातार निगरानी के साथ ही आनलाइन प्लेटफार्म और मध्यस्थों को कानूनी कार्रवाई के लिए नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं।पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट भी शराब, नशीले पदार्थों एवं हिंसा का महिमामंडन करने वाले गीतों को सार्वजनिक रूप से, जिसमें लाइव कार्यक्रम भी शामिल हैं, बजाने से रोकने के आदेश दे चुका है। सिंघल ने कहा पुलिस ने केवल आपत्तिजनक कंटेंट हटाने तक सीमित न रहते हुए इसके सामाजिक प्रभावों को कम करने के लिए युवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया है।

वड़ैच ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व संभाला

पंचकूला। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता और सामाजिक समरसता है। हमारे धर्म, पूजा पद्धतियां और जीवनशैली अलग हो सकती हैं, लेकिन मानवता और राष्ट्र के प्रति हमारी भावना एक है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता वीरवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित किया



के नेतृत्व में मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और हर घर नल से जल जैसी योजनाओं का लाभ बिना धार्मिक भेदभाव के पात्र परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार का संकल्प समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करना है।

हाईटेंशन लाइन प्रभावित किसानों को मिले उचित मुआवजा : अरविंद

चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, निर्वाचन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सिवानी-सोनीपत 400 केवी पावर ग्रिड हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों के मुआवजे से संबंधित मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों का मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपते हुए उनकी समस्याओं से अवगत कराया और किसानों की जमीन का वास्तविक बाजार भाव के अनुरूप मूल्यांकन कर उचित एवं सम्मानजनक मुआवजा दिलाने का आग्रह किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष जाजी, मोहाना, गुहणा, भैंसवाल, बिलबिलाण और आंवली सहित विभिन्न गांवों के किसानों की मांगों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि हाईटेंशन लाइन से प्रभावित होने वाली कृषि भूमि के साथ-साथ किसानों की आजीविका और भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए मुआवजे का निर्धारण किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों की चिंताओं पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

■ सोनीपत के किसानों की मांगों को लेकर सीएम से मिले सहकारिता मंत्री

'वोट बचाओ- देश बचाओ' अभियान : इंडिया गठबंधन ने पंचकूला में किया विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत पंचकूला में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के साथ-साथ दिल्ली में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष व्यक्त किया। हरियाणा कांग्रेस मामलों प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन में तथा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शनी में कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और मतदाता के वोट की ताकत को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक चंद्र मोहन, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

प्रोटीन पाउडर व एनर्जी ड्रिंक्स की गुणवत्ता जांचने को प्रदेशभर में अभियान, सैंपल भरे

चंडीगढ़। हरियाणा में युवाओं को नशे से दूर रखने के साथ उनके स्वास्थ्य से जुड़े उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने सख्ती बढ़ाई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, हरियाणा ने 5 अक्तूबर को प्रदेश के सभी जिलों में विशेष राज्यव्यापी प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान निर्माताओं, वितरकों, खुदरा विक्रेताओं और केमिस्ट आउटलेट्स समेत 61 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अभियान के दौरान रोहतक स्थित मैसर्स द वैरायटी न्यूट्रिशन के परिसर में 'नेचुरल प्रोटीन पाउडर' का स्टॉक मिला। उत्पाद पर '100% नेचुरल' का अप्रमाणित दावा किया गया था। वहीं, लेबल पर समाप्ति तिथि, निर्माता का पता और एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर जैसी अनिवार्य जानकारियां भी अंकित नहीं थीं। विभाग ने फर्म के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की टीमों ने प्रदेश के अन्य जिलों में भी जांच अभियान चलाया।

THE MEHAM COOP. SUGAR MILLS LTD. MEHAM (ROHTAK)

E-Tender Notice

Original manufacturers/Distributors/Reputed & Experienced Contractors are required to submit their rates by e-tendering for following jobs/material - 1) WHR System at Sulphur Furnace, 2) Tube Cleaning Equipment's, 3) ETP Chemicals, 4) Lab Chemicals and Equipment's, 5) Nickel Screen, 6) Boiler Chemical, 7) Furnace Ash Hole Cleaning Work on Contract Basis, 8) Tube Cleaning Work, 9) High Flow Pump Spares, 10) Purchase of PP Bags, 11) Purchase of Gunny Bags, 12) Computer Hardware Material, 13) Insulation Work, 14) Leasing of Vacant Land, 15) Cane Harvesting, Loading & Transportation on Maharashtra Pattern, 16) Donga Cleaning work near cane carrier, 17) Sugar Handling Work, 18) Cane loading work at cane purchase centre, 19) Cane Transportation work from cane purchase centre to Mill.

The detailed tender form can be downloaded from e-tendering portal http://etenders.hry.nic.in as mentioned above items. The tender should reach online on or before 20.10.2026 at 09:00 AM through e-tendering portal http://etenders.hry.nic.in and same will be opened on 20.10.2026 at 09:30 AM & negotiation will be held on 22.10.2026 at 11:00 A.M. in office of undersigned. Purchase of Material and Job work will be made as per government policy. The mills management reserves the right to accept/reject any/all tender/tenders, item/items without assigning any reason.

सामान्य सभा की सूचना

दी महम सहकारी चीनी मिल लि., महम के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मिल की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 28.10.2026 को प्रातः 11 बजे मिल प्रांगण में होनी निश्चित हुई है। अतः मिल के सभी अंशधारी सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त तिथि, समय व स्थान पर पहुँचकर बैठक में हिस्सा लें।

Sd/- Managing Director

रजिस्ट्री सं० डी० एल० – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–01102026-276657
CG-DL-E-01102026-276657
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5161] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 30, 2026/आश्विन 8, 1948
No.5161] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 30, 2026/ASVINA 8, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 2026

का.आ. 5369 (अ). – केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए, ऐसी भूमि का, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, हरियाणा राज्य के पानीपत जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि०मी०) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा करती है; उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी, पानीपत को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

हरियाणा राज्य के **जिला पानीपत** में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **"दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि०मी०) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना"** का निर्माण करने के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का अवसंरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।

क्र. सं.	तहसील	ग्राम	खसरा संख्या	अर्जन हेतु रकबा (हे. में)
1	समालखा	भोड़वाल माजरी	40//20	0.1167
2			40//11	0.0852
3			40//10	0.0850
4			40//1/3	0.0166
5			40//1/1	0.0687
6			40//1/2	0.0180
7			31//20/1	0.0202
8			31//20/2	0.0884
9			31//21/1	0.0910
10			31//21/2	0.0202
		कुल		**0.6100**
1	समालखा	चुलकाना	28//20/1	0.0001
2			28//22	0.0471
3			30//2	0.0458
4			30//9	0.0359
5			30//12	0.0273
6			30//19	0.0454
7			30//22	0.0818
8			253	0.0090
9			60//2	0.0623
10			60//9	0.0638
11			60//12	0.0779
12			60//19	0.1111
13			60//22	0.1140
14			63//2	0.0888
15			63//3	0.0574
16			63//8	0.0565
17			63//9	0.0624
18			63//12	0.0140
19			96//2	0.0086
20			96//8	0.0836
21			96//13	0.1394
22			96//18	0.1322
23			96//23	0.1168
24			99//3	0.0835
25			99//8	0.0668
26			99//13	0.0179
27			99//14	0.0430
28			99//17	0.0551
29			99//24	0.0391
30			126//4	0.0246
31			126//7	0.0105
		कुल		**1.8218**
1	समालखा	किवाना	99//1	0.0266
2			99//20	0.0279
3			99//11	0.0291
4			99//10	0.0270
5			99//21/1	0.0147
6			99//21/2	0.0152
7			102//20	0.0272
8			102//11	0.0214
9			102//10	0.0280
10			102//1	0.0254
		कुल		**0.2424**
1	समालखा	मनाना	99//5	0.0230
2			99//6	0.0049
3			78//25	0.0349
4			78//16	0.0404
5			78//15	0.0419
6			78//6	0.0380
7			78//4	0.0293
8			78//5/1	0.0049
9			71//24	0.0504
10			71//17	0.0717
11			71//14	0.0750
12			71//7	0.0798
13			71//4	0.0853
14			53//18	0.0240
15			53//23/3	0.0001
16			53//23/4	0.0429
17			53//13/2/1	0.0178
18			53//13/2/2	0.0013
19			53//13/1	0.0039
20			53//9	0.0112
21			33//17	0.0027
22			33//25	0.0125
23			0//170	0.0139
		कुल		**0.7098**
1	समालखा	करहंस	3//24	0.0431
2			9//4/2	0.0257
3			9//4/3/1	0.0057
4			9//4/4/2	0.0106
5			9//6	0.0422
6			9//15	0.0424
7			9//25	0.0007
8			8//21	0.0138
9			9//16	0.0262
10			340	0.2861
11			16//1	0.0189
12			16//10	0.0200
13			16//11	0.0016
14			16//12	0.0193
15			16//19	0.0179
16			16//22	0.0152
17			27//2	0.0033
18			27//24	0.0139
19			27//18	0.0180
20			27//13	0.0168
21			27//3	0.0146
22			27//8	0.0159
23			32//4	0.0138
24			131	0.0057
25			32//26	0.0275
26			32//15	0.0131
27			32//16	0.0108
28			32//25	0.0081
29			33//21	0.0088
30			52//2	0.0752
31			52//8	0.0663
32			52//13	0.0697
33			52//18	0.0759
34			52//24	0.0775
35			73//4	0.0788
36			73//7	0.0851
37			73//15/1	0.0809
38			73//16	0.0602
39			49//22	0.0740
40			49//19	0.0310
41			49//11/3	0.0114
42			49//11/2	0.0121
43			49//11/1	0.0076
44			49//10/2	0.0101
45			49//10/1	0.0148
46			49//1	0.0224
47			342	0.2297
		कुल		**1.8425**
1	समालखा	मछरौली	3//21	0.0013
2			16//1/1	0.0053
3			16//1/2	0.0021
4			16//19/1	0.0057
5			16//19/2	0.0033
6			16//10	0.0040
7			327	0.2392
8			16//12	0.0028
9			16//22	0.0159
10			21//3	0.0239
11			21//8/1	0.0098
12			21//8/2	0.0299
13			21//13	0.0415
14			21//17	0.0380
		कुल		**0.4227**
1	समालखा	झटीपुर	37//19	0.0439
2			37//12	0.0335
3			37//22	0.0437
4			11//20	0.0536
5			11//21	0.0331
6			37//1	0.0483
7			37//10	0.0364
8			41//3	0.0184
9			41//8/2	0.0137
10			41//8/1	0.0010
11			272	0.1347
12			66//6	0.0001
13			66//15	0.0043
14			66//16	0.0043
15			91	0.0047
16			126	0.0095
17			90	0.0009
		कुल		**0.4842**
1	पानीपत	दिवाना	36//11	0.0014
2			36//20	0.0129
3			41//23	0.0444
4			41//12/1	0.0086
5			41//19/1	0.0117
6			41//19/2	0.0300
7			41//12/2	0.0141
8			41//9	0.0255
9			41//1	0.0208
10			36//21	0.0192
11			91	0.0138
12			56//3	0.0444
13			56//14	0.0448
14			56//8	0.0446
15			56//17	0.0450
16			56//24	0.0453
17			59//5	0.0453
18			59//6	0.0457
19			59//15	0.0299
20			58//11	0.0044
		कुल		**0.5517**
1	पानीपत	सिवाह	173//5	0.0675
2			166//25	0.0504
3			166//17	0.0401
4			166//14	0.0189
		कुल		**0.1769**
1	पानीपत	काबडी	51//4	0.0034
2			51//7	0.0283
3			51//14/1	0.0121
4			51//14/2	0.0072
5			51//17	0.0608
6			51//24/2	0.0597
7			51//24/1	0.0078
8			74//4	0.1064
9			74//7/2	0.0043
10			74//7/1	0.0346
11			74//8/2	0.0547
12			74//14/2	0.0426
13			74//13	0.1167
14			74//18	0.0440
15			74//8/1	0.0185
16			741	0.1035
17			122	0.0134
		कुल		**0.7181**
1	पानीपत	सराय बछडा	1//25	0.0550
2			5//6	0.0361
3			5//15	0.0047
4			5//5	0.0549
				0.1507
1	पानीपत	निजामपुर	106	0.0403
2			105	0.0665
3			104	0.0679
4			103	0.0261
		कुल		**0.2008**
1	पानीपत	तरफ इंसार	119	0.2090
2			120	0.0518
3			122	0.0170
4			123	0.1210
5			144	0.0904
6			147	0.0349
7			148	0.0110
		कुल		**0.5351**

[फा. सं. 190-W/Land/TKJ/DLI-UMB]
3477/26 शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

खबर संक्षेप

21 लाख रुपये की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अक्षित उर्फ विशु वासी सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र व जसबीर वासी मोहन नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके करीब 21 लाख रुपये कीमत की 100.60 ग्राम स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है। इनके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज है। सूचना पर पुलिस अक्षित के किराए के मकान पर पहुंची जहां पर दोनों आरोपी मिले। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपियों से करीब 21 लाख रुपये कीमत की 100.60 ग्राम हेरोइन/स्मैक तथा करीब 8 हजार रुपये बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत के आदेश पर आरोपी अक्षित को कारागार भेज दिया तथा आरोपी जसबीर को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

ट्रक घग्घर नदी में गिरा चालक की मौत

सिरसा। जिले के रानियां क्षेत्र में घग्घर नदी में ट्रक गिरने से चालक की मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान फतेहाबाद निवासी नाहर सिंह के रूप में हुई है। शव का गुरुवार को सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है बुधवार रात ट्रक रानियां से सिरसा की तरफ आ रहा था। अनियंत्रित होकर घग्घर में गिर गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों और प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और चालक को रस्सियों के साहरे बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

कोचिंग के लिए छात्रा ने रची हमले की झूठी कहानी

फरीदाबाद। बीसीए छात्रा ने बाहर कोचिंग जाने की जिद पूरी कराने के लिए खुद पर हमले की झूठी कहानी रच दी। छात्रा ने पहले खुद के गले और माथे पर ब्लेड से वार किए और परिवार को बताया कि नकाबपोश युवक घर में घुसकर उस पर हमला कर फरार हो गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज देखी तो छात्रा की पोल खुल गई। बुढ़ैना गांव की 19 वर्षीय काजल मूल रूप से ओडिशा की रहने वाली है और निजी कॉलेज में बीसीए थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। करीब तीन महीने पहले पढ़ाई के लिए फरीदाबाद आई थी। उसके पिता चिकन की दुकान पर काम करते हैं। जांच में सामने आया कि छात्रा घर से पढ़ाई न करने की जगह किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट जाकर कोचिंग लेना चाहती थी। उसे लगा कि घर में हमला होने पर परिवार उसे बाहर कोचिंग के लिए भेजने पर राजी हो जाएगा।

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

नूंह। तावडू सदर थाना क्षेत्र के गांव बावला में वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि मृतक का शरीर दो हिस्सों में कट गया। मृतक मूल रूप से झांसी-ग्वालियर मध्य प्रदेश का रहने वाला था और यहां मजदूरी करता था।

सुरक्षा पर बड़ा सवाल : पानीपत में 10 दिन के भीतर कोर्ट परिसर में हमले की दो बड़ी वारदात, आरोपी हथियार लहराते हुए फरार

पानीपत कोर्ट की पार्किंग में लाठी-गंडासी से दो युवकों को किया लहूलुहान

पांच गाड़ियों में भी तोड़फोड़, एक गाड़ी से ढाई लाख चुराने की भी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। कोर्ट की पार्किंग में युवक पर हमला करते आरोपी।

पानीपत कोर्ट की सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान लग गया है। कोर्ट परिसर की पार्किंग में सरेआम हथियारबंद युवकों ने यहां केस की तारीख पर आए दो युवकों पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं, पांच गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कोर्ट में अपने केस की तारीख पर आए अक्षय निवासी गांव बलियाना, रोहतक व नईम निवासी गंगाराम कॉलोनी, पानीपत पर कचहरी में वकीलों के कार्यालयों के पहले भवन के पीछे स्थित वाहन पार्किंग में हथियारबंद बदमाशों ने गंडासियों, लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अक्षय व नईम को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इंडस्ट्रियल थाना पुलिस ने इस घटना में सुमित निवासी गांव खुखराना, शुभम भट्टी निवासी गांव मतलौडा और जतिन उर्फ पाटा निवासी गांव कवि व इनके अज्ञात साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के बीच मारपीट को लेकर रंजिश चल रही है। थानेदार कटार सिंह ने बताया कि मारपीट के इस मामले की सीसीटीवी फुटेज ले ली गई है, इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, जल्द ही सभी आरोपियों पर पकड़ा जाएगा।

वकीलों ने सुरक्षा को लेकर आज बुलाई बैठक

कचहरी परिसर में हुई हिंसा से वकीलों में पानीपत प्रशासन व पुलिस के प्रति भारी रोष व्याप्त है। पानीपत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि गत दिनों भी कचहरी परिसर में वकील व उसके परिजनों पर हमला किया गया था, इस मामले को भी पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। वहीं वीरवार को भी कचहरी परिसर में मारपीट व वाहनों में तोड़फोड़ की घटना हुई, इससे यह साबित होता है पुलिस कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि कचहरी परिसर में आए दिन हो रही हिंसक घटनाओं के मुद्दे पर पानीपत बार की शुक्रवार को बैठक होगी। बैठक में वकीलों से विचार विमर्श के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।

रजिस्ट्री के लिए आया, गाड़ी से ढाई लाख निकाले

गोपाल कॉलोनी निवासी अजय ने बताया कि वह रजिस्ट्री के सिलसिले में वकील से मिलने गाड़ी से कोर्ट आया था। गाड़ी पार्किंग में खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद झगड़े की सूचना पर बाहर आया तो गाड़ी में तोड़फोड़ मिली। गाड़ी में रखा बैग भी गायब था। बैग में रजिस्ट्री के दस्तावेज और 2.5 लाख कैश था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



हमले में क्षतिग्रस्त एक गाड़ी।

कोर्ट परिसर में एक अक्टूबर को भी हुआ था हमला

पानीपत जिला कोर्ट परिसर में एडवोकेट नवीन पर दो युवकों रविंद्र गोयल और उसके भाई ने 1 अक्टूबर को चाकू और पिस्तौल से हमला कर दिया था। इस हमले में वकील नवीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर मौजूद वकीलों ने एक आरोपी रविंद्र गोयल को दबोच लिया था।

हिसार में हो चुकी हत्या : अगस्त 2026 में हिसार कोर्ट परिसर के गेट के समीप पेशी से बरी होकर बाहर आए कुख्यात गैंगस्टर विनोद पानू उर्फ कान्हा की दिनदहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी।

फरीदाबाद में एसआईआर के विरोध में जुलूस के बीच मारपीट

प्रदर्शन में भिड़ीं महिला कांग्रेस नेता, जमकर चले थप्पड़-मुक्के

- जिलाध्यक्ष ने दोनों वरिष्ठ महिला नेताओं को अलग करवा शांत किया मामला
- पूर्व महिला जिलाध्यक्ष लाम्बा ने बल्लभगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रही पराग शर्मा के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई



फरीदाबाद। प्रदर्शन के दौरान आपस में भिड़ती पराग शर्मा व गजना लाम्बा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे व एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने के मुद्दों पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में महिला कांग्रेस नेत्री आपस में ही भिड़ गए। दो महिला नेताओं के बीच जमकर थप्पड़-मुक्के चले। जूतमपैजार कर रहे कांग्रेसियों को किसी तरह हस्तक्षेप कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने अलग करवाया।

महिला नेत्री गजना लाम्बा ने बल्लभगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रही पराग शर्मा के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में मारपीट करने व जातिसूचक शब्द कहने की शिकायत की है। गौरतलब है कि जिला कांग्रेस द्वारा ओल्ड फरीदाबाद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे व एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने की मांगों को लेकर पहले प्रदर्शन किया गया और बाद में विरोध रैली निकाली गई। विरोध रैली का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक कर रहे थे। बताया गया है कि रैली का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष कौशिक के साथ आगे बल्लभगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रही पराग शर्मा व पूर्व महिला जिलाध्यक्ष गजना लाम्बा भी चल रही थी। जब पराग शर्मा नारे लगा रही थी तो उनका हाथ बार-बार गजना लाम्बा के मुंह पर आ रहा था, जिसको लेकर गजना लाम्बा ने पराग शर्मा से विरोध दर्ज करवाया। गजना के विरोध दर्ज करवाने पर पराग शर्मा एकाएक तैश में आ गई और इनके बीच थप्पड़ों की बारिश शुरू हो गई। इन दोनों कांग्रेस नेत्रियों के बीच अचानक हुई जूतम पैजार से जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक भी अचरज में रह गए तथा उन्होंने किसी तरह अन्य कांग्रेस जनों के साथ मिलकर दोनों को अलग करवाया।

> जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहना है कि जब बड़ा कुनबा हो जाता है, तो ऐसी छोटी-मोटी बातें अक्सर हो जाती है तथा भाजपा की गलत नीतियों का कांग्रेसी एकजुट होकर विरोध करते रहेंगे।

कैथल के युवक की अमेरिका में ब्रेन हेमरेज से मौत

कैथल। कैथल जिले के पूंडरी क्षेत्र के गांव टयोंठा के रहने वाले करीब 26 वर्षीय युवक अजय चौधरी की अमेरिका में ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। युवक करीब 3 साल पहले अमेरिका गया था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। पास में रहने वाले उसके साथियों ने उसे अस्पताल में पहुंचाया लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब सामाजिक संस्थाएं और परिवार के लोग सरकार से गुहार लग रहे हैं कि शव लाने में मदद करें। अजय के चाचा विनोद कुमार ने बताया कि अजय 3 साल पहले करीब 42 लाख रुपये लगाकर अमेरिका गया था। इस समय वह शिकागो में रह रहा था और एक स्टोर पर काम कर रहा था। परिवार ने कुछ पैसे अपनी तरफ से जमा किए तो कुछ पैसे उधार लिए थे। अजय के परिवार में उसके पिता धर्म सिंह, माता रेखा रानी व एक छोटी बहन है। परिवार करीब पौना एकड़ जमीन पर खेती करता है।



- 42 लाख खर्च कर 3 साल पहले गया था विदेश, अब शव लाने की परिजन लगा रहे गुहार

करनाल के निजी स्कूल में बड़ा गड़बड़झाला

अभिभावकों से फीस लेकर अकाउंटेंट ने 1.75 करोड़ रुपये हड़पे, केस दर्ज

- अभिभावकों ने फीस जमा करवाने के बाद रसीद नहीं मिलने की शिकायत की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

आर्यकुलम इंटरनेशनल स्कूल मूनक में फीस की रकम में करीब 1.75 करोड़ रुपये की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। स्कूल प्रबंधन की शिकायत और चार्टर्ड अकाउंटेंट की जांच के बाद पुलिस ने अकाउंटेंट दिनेश, उसकी पत्नी साक्षी और भाई रविन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि अभिभावकों से फीस लेने के बाद पूरी रकम स्कूल में जमा नहीं कराई गई और फीस रिकॉर्ड में भी गड़बड़ी की गई। शिकायत के अनुसार दिनेश पिछले करीब चार साल से स्कूल में फीस लेने और उसका रिकॉर्ड संभालने का काम कर रहा था। कुछ अभिभावकों की ओर से फीस जमा कराने के बावजूद रसीद नहीं मिलने की शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन को गड़बड़ी का संदेह हुआ। इसके बाद मामले की जांच चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म मोंगिया सखी एंड एसोसिएट से कराई गई।

चार्टर्ड अकाउंटेंट की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार दिनेश के दो बैंक खातों में 1.18 करोड़ रुपये फीस के रूप में जमा हुए। इनमें 19.07 लाख रुपये स्कूल में जमा किए गए, जबकि 99.25 लाख रुपये के गबन की बात रिपोर्ट में सामने आई। इसके अलावा 76.12 लाख रुपये नकद फीस भी स्कूल में जमा नहीं कराई गई। इस तरह दोनों मदों को मिलाकर करीब 1.75 करोड़ रुपये की फीस का हिसाब सामने आया।

पत्नी के खाते में भी फीस जमा करवाई

जांच में दिनेश की पत्नी साक्षी के बैंक खाते में भी फीस जमा होने का रिकॉर्ड मिला। एक अभिभावक की ओर से साक्षी के खाते में 3,150 रुपये यूपीआई के माध्यम से जमा कराने की जानकारी सामने आई। स्कूल के जनरल सेक्रेटरी कुलदीप ने 25 सितंबर को शिकायत देकर दिनेश की पत्नी साक्षी और भाई रविन्द्र की भूमिका की जांच की मांग की थी।

हे मां! खदानों में लावारिस छोड़ी नवजात बच्ची, चीटियों ने खाया

- बच्ची की आंख पर चोट के निशान, एक महिला ने देखकर बचाया, अस्पताल में भर्ती



कुरुक्षेत्र/ शाहबाद। शाहाबाद के बराड़ा रोड पर खदानों के बीच गुरुवार सुबह करीब 15-20 दिन की नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। बच्ची जमीन पर पड़ी थी और उसकी सांसें चल रही थीं। उसकी आंख पर चोट के निशान थे, जबकि शरीर के कई हिस्सों पर कीड़े-चींटियों के काटने से लाल निशान बने हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पास की कॉलोनी निवासी प्रवीण बेगम ने बताया कि वह सुबह करीब सात बजे दूध लेने जा रही थी। जंगल से गुजरते समय उसकी नजर जमीन पर पड़ी बच्ची पर गई। उसने आसपास मौजूद किसानों को आवाज लगाई और बच्ची को गोद में उठा लिया। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंधु ने बच्ची को गोद में लेकर एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया। यहां बच्ची का उपचार कराया जा रहा है।

होमगार्ड की ड्यूटी लगवाने के नाम पर 7 हजार रुपये रिश्वत में होमगार्ड काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

नूंह जिले में गुरुवार को भिवानी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस लाइन में दबिश दी। इस दौरान टीम ने एक होमगार्ड को गिरफ्तार किया है, जबकि होमगार्ड कमांडेंट को भी हिरासत में लेने की खबर है। कार्रवाई के बाद दोनों को टीम अपने कार्यालय ले गई। जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो भिवानी की टीम ने इंस्पेक्टर जगजीत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की है। इस मामले में होमगार्ड अनीश की गिरफ्तारी की पुष्टि हुई है, जबकि होमगार्ड कमांडेंट विक्रम से पूछताछ जारी है।



- होमगार्ड कमांडेंट विक्रम से भी की जा रही पूछताछ

बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई की सूचना पर एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो ममता खरब भी जानकारी लेने के लिए मौके पर पहुंची थीं। भिवानी एसीबी के इंस्पेक्टर जगजीत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी की टीम को शिकायतकर्ता जो विभाग में होमगार्ड है और पलवल में ड्यूटी लगवाने के नाम पर उसे लगभग 7000 की रिश्वत की डिमांड की गई थी। इसका ऑडियो भी एसीबी की टीम को दिया गया जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। भिवानी से आई एंटी करप्शन ब्यूरो की इस अचानक कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। फिलहाल ब्यूरो की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

कमर व गर्दन में डबल हुला हूप घुमाकर 2376 स्पिन किए, 7 वर्षीय कार्तिका ने बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

छोटी उम्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर हांसी की सात वर्षीय कार्तिका ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिस पर पूरे शहर को गर्व है। कार्तिका ने कमर और गर्दन पर एक साथ डबल हुला हूप घुमाते हुए 2376 स्पिन पूरे कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। कार्तिका के पिता प्रतीक गोयल ने बताया कि उनकी बेटी ने लगातार करीब 22 मिनट 25 सेकंड तक कमर और गर्दन पर एक साथ डबल हुला हूप घुमाया और इस दौरान कुल 2376 स्पिन पूरे किए। कार्तिका की उपलब्धि एक बच्चे द्वारा कमर और गर्दन के चारों ओर एक साथ किए गए अधिकतम डबल हुला हूप स्पिन श्रेणी में दर्ज की गई है। कार्तिका तीसरी कक्षा में पढ़ती है। पढ़ाई के साथ-साथ उसे हुला हूप स्पिन करने का शौक है। अभ्यास के दौरान उसने गति, संतुलन और लगातार प्रदर्शन करने की क्षमता पर विशेष ध्यान दिया। नियमित अभ्यास के चलते उसने करीब 22 मिनट तक लगातार प्रदर्शन करते हुए 2376 स्पिन पूरे किए।



मैनेजर की हत्या केस में एनकाउंटर, एक के पैर में मारी गोली

फरीदाबाद। सेक्टर 62 में एचआर मैनेजर लक्ष्मण (45) की हत्या के मामले में 2 आरोपियों को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद पकड़ा। आरोपियों को पकड़ने के दौरान क्राइम ब्रांच और आरोपियों के बीच में रात करीब 2 बजे मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। मौके से एक देसी पिस्टल भी बरामद की है। पुलिस ने घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि 4 अक्टूबर को डील चौक पर ईवी कंपनी में सीनियर एचआर मैनेजर की चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। जबकि उसका भतीजा भी घायल हुआ था। एक दर्जन केले की कीमत 100 रुपये होने को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में क्राइम ब्रांच को बुधवार को देर रात 2 बजे सूचना मिली थी कि लक्ष्मण हत्याकांड में वांछित आरोपी सेक्टर-62 स्थित सीवर पाइप के गोदाम में छिपे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो भागने के दौरान आरोपी तरुण उर्फ नवीन निवासी ऊंचा गांव ने टीम पर दो फायर किए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तरुण के पैर में गोली लगी। वहीं एक अन्य आरोपी जतिन को भी पुलिस ने सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया, बदमाशों के कब्जे से एक पिस्टल भी बरामद हुई

फैसला नशे के इंजेक्शन से मौत के मामले में कोर्ट ने जमानत के साथ जोड़ी पर्यावरण संरक्षण की बात

जमानत के लिए कोर्ट की शर्त : 5 पौधे लगाकर 2 साल तक बड़ा करो

- पौधों के बढ़ने की तस्वीरें खींचकर कोर्ट को तारीख पर दिखानी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नशे के इंजेक्शन की ओवरडोज से युवक की मौत के मामले में अदालत ने आरोपित सोनू को दूसरी नियमित जमानत दे दी। हालांकि जमानत के साथ अदालत ने उसे पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सरोए ने आदेश दिया कि सोनू किसी सार्वजनिक स्थान पर देशी प्रजाति के पांच पौधे लगाएगा और अगले दो वर्षों तक उनकी देखभाल करेगा। इतना ही नहीं, उसे अगली सुनवाई से पहले लगाए गए पौधों की तस्वीरों के साथ उनकी देखभाल का प्रमाण भी अदालत में पेश करना होगा। इस तरह अदालत ने जमानत की सामान्य शर्तों के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी जोड़ा है।

मामला शहर थाना गोहाना क्षेत्र का है। गढ़ी उजाले खां निवासी मोहित की शिकायत पर नौ जून को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसका दोस्त कुलदीप नशीला पदार्थ लेने का आदी था। 24 मई को वह कुलदीप के साथ बाइक पर निकला था। आरोप के अनुसार, कुलदीप आर्य नगर की सांसी बस्ती से नशीला पदार्थ लेकर सेक्टर-7, गोहाना-रोहतक रोड के पास झाड़ियों में पहुंचा था। वहां उसने इंजेक्शन के माध्यम से नशीला पदार्थ लिया। इसके अगले दिन 25 मई को कुलदीप का शव उसी स्थान की झाड़ियों में मिला था। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सोनू के अधिवक्ता ने अदालत में उसकी ओर से कई दलीलें रखीं। अधिवक्ता ने कहा कि सोनू को मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने अदालत के समक्ष यह भी बताया कि घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज करने में करीब 15 दिन का समय लगा था। प्राथमिकी में भी सोनू का नाम दर्ज नहीं था। इसके अलावा पुलिस मामले की जांच पूरी कर चुकी है और आरोपपत्र अदालत में दाखिल किया जा चुका है। सोनू 10 जून से न्यायिक हिरासत में है। ऐसे में उसे आगे हिरासत में रखने का आधार नहीं है।



किसी दूसरे मामले में आरोपी नहीं है सोनू

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका पर विचार किया। अदालत ने अपने आदेश में प्राथमिकी दर्ज होने में हुई देरी, प्राथमिकी में आरोपित सोनू का नाम नहीं होने, पुलिस जांच पूरी होने और आरोपपत्र दाखिल किए जाने के तथ्यों को महत्वपूर्ण माना। अदालत के समक्ष यह भी तथ्य रहा कि सोनू किसी अन्य आपराधिक मामले में संलिप्त नहीं है। इन परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने उसकी दूसरी नियमित जमानत याचिका स्वीकार कर ली और जमानत तथा जमानती बांड भरने पर रिहा करने का आदेश दिया।

यूरिया पानी प्लांट पर सीएम फ्लाइंग की रेड, मशीनें सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार दोपहर बाद खेड़ी डालूसिंह गांव में छापा मारकर यूरिया पानी बनाने वाले एक प्लांट की जांच की। कई विभागों की संयुक्त टीम ने छापेमार कार्रवाई की। प्लांट की मशीनरी को सीएम फ्लाइंग ने सील कर दिया।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गांव में संजय कुमार वाहनों में डालने वाला यूरिया पानी अपने प्लांट में तैयार करता है। डीईएफ यूरिया पानी वाहनों में यूज किया जाता है, जो इसे बिना लाइसेंस के बना रहा है। सूचना के बाद सीएम फ्लाइंग डीटीपी के एफआई अनिल कुमार, फूड सप्लाई डिपार्टमेंट से दीपक कुमार व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी के साथ प्लांट पर पहुंची। टीम ने प्लांट पर चेकिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी। कागज सही नहीं पाए जाने पर प्लांट की मशीनरी को सील कर दिया गया। संचालक के खिलाफ आगे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



खबर संक्षेप

रुपया 13 पैसे टूटकर 96.88 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 96.88 प्रति डॉलर पर रहा। वैश्विक स्तर पर डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों समेत लगातार बने व्यापक आर्थिक दबाव के कारण रुपये में गिरावट आई।

टीसीएस का दूसरी तिमाही में लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा



मुंबई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में 12,075 करोड़ रुपये और अप्रैल-जून तिमाही में 13,349 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

सूचकांक ढाई साल के निचले स्तर पर

मौद्रिक नीति सख्त होने की आशंका में सेंसेक्स 1045 अंक टूटा, डूबे 10 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कच्चे तेल के दाम में तेजी, मौद्रिक नीति और सख्त होने की आशंका में घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,045 अंक का गोता लगाकर ढाई साल से अधिक के निचले स्तर पर, जबकि एनएसई निफ्टी 22,230 अंक के करीब आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी और घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर मौद्रिक नीति के और सख्त होने की आशंका के बीच ब्याज दर को लेकर संवेदनशील जिंस और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।


कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार में रही गिरावट ▶ **निफ्टी भी 22,230 अंक के करीब आ गया** ▶ **एफएमसीजी के शेयरों में तेज बिकवाली रही**

सेंसेक्स 13 फरवरी 2024 को इस स्तर के आसपास हुआ था बंद

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,045.46 अंक का गोता लगाकर ढाई साल से अधिक के निचले स्तर 71,593.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,310.95 अंक तक लुढ़क गया था। इससे पहले बीएसई सेंसेक्स 13 फरवरी, 2024 को इस स्तर के आसपास बंद हुआ था।

दुनियाभर के बाजारों में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग उल्लेखनीय गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे



इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान : सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में आईटीसी में सर्वाधिक 4.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन (3.36 प्रतिशत), पावर ग्रिड (3.16 प्रतिशत), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (3.1 प्रतिशत), अदाणी पोर्ट्स (2.59 प्रतिशत) और एनटीपीसी (2.43 प्रतिशत) प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस के शेयर बढ़त में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.25 प्रतिशत चढ़कर 104.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

निफ्टी भी 52 सप्ताह के निचले स्तर पर : इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 371.25 अंक की गिरावट के साथ 21 महीने के निचले स्तर 22,231.80 अंक पर बंद हुआ।

निवेशकों की संपत्ति 10 लाख करोड़ रुपए घटी

व्यापक बिकवाली से शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को भारी गिरावट आई और निवेशकों की संपत्ति करीब 10 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 10,01,898.68 करोड़ रुपये घटकर 4,60,97,032 करोड़ रुपये (4.76 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

एफआईआई ने 6121 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 6,121.37 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अपनी प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह पहली बढ़ोतरी है।

आगे भी नीतिगत दर और बढ़ सकती है

केंद्रीय बैंक ने निकट भविष्य में दरों में कटौती की संभावना को खारिज करते हुए संकेत दिया कि बढ़ती महंगाई, कमजोर रुपये और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी नीतिगत दर और बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो दर बढ़ाने के पक्ष में निर्णय किया।

अमेरिका का बड़ा फैसला

टाटा, विप्रो, इन्फोसिस समेत 8 आईटी कंपनियां अमेरिकी ग्रीन कार्ड कार्यक्रम से निलंबित

वाशिंगटन (भाषा)। अमेरिका ने बृहस्पतिवार को कॉग्निजेंट, इन्फोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल, कैपजेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट और एडोब समेत आठ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से निलंबित कर दिया। इस कार्यक्रम के तहत कंपनियां एच-1बी वीजा पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 'ग्रीन कार्ड' को आवेदन कर सकती हैं। अमेरिका के श्रम मंत्री कीथ सॉन्डरलिंग ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिकी धोखाधड़ी-रोधी कार्यबल के प्रमुख की मौजूदगी में यह घोषणा की। सॉन्डरलिंग ने कहा, "मैं कॉग्निजेंट, इन्फोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल और कैपजेमिनी जैसी दुनिया की कुछ सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से निलंबित कर रहा हूं।" उन्होंने कहा कि श्रम विभाग माइक्रोसॉफ्ट और एडोब को भी इस कार्यक्रम से निलंबित कर रहा है। सॉन्डरलिंग ने कहा, "हम इन कंपनियों से जुड़े स्थायी श्रम प्रमाणन के किसी नए आवेदन को स्वीकार नहीं करेंगे और न ही लंबित आवेदनों पर प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।" उन्होंने कहा, "2009 से अब तक केवल इन कंपनियों ने लगभग 30 लाख विदेशी कर्मचारियों के लिए अनुरोध किया है। उन्हें एच-1बी वीजा के 2,30,000 से अधिक अनुमोदन और एक लाख से अधिक स्थायी श्रम प्रमाणन मिले हैं।" सॉन्डरलिंग ने कहा, "ये सैकड़ों हजार नौकरियां अमेरिकी कर्मचारियों से छीन ली गईं।"

प्याज, एलपीजी के दाम चढ़ने से शाकाहारी थाली हुई महंगी

मुंबई (एजेंसी)। प्याज, खाद्य तेल, चावल और रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) के दाम बढ़ने से सितंबर में घर में तैयार होने वाली शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल की मासिक 'रोटी राइस रेट' रिपोर्ट के अनुसार, ब्रॉयलर की कीमतों में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि के कारण मांसाहारी थाली की लागत छह प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में शाकाहारी थाली तैयार करने की लागत बढ़कर 30.8 रुपये हो गई, जो एक साल पहले 28.1 रुपये थी। इसी तरह, मांसाहारी थाली की लागत 56 रुपये से बढ़कर 59.5 रुपये हो गई। मासिक आधार पर सितंबर में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत में क्रमशः चार प्रतिशत और तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्याज की कीमत सालाना आधार पर 89 प्रतिशत बढ़कर 53 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले 28 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सोने में 3,600 रुपये की तेजी चांदी 3 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारी मौसम से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके साथ ही सोने की कीमतों में लगातार दो सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें सभी कर शामिल हैं। बुधवार को सोना 1,48,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कच्चे माल के रूप में सोने की खरीद बढ़ा देते हैं। हालांकि, चांदी की कीमत में इसके उलट गिरावट का रुख रहा। तीन सत्र तक स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमत में फिर गिरावट शुरू हुई और यह पिछले सत्र के 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से 3,000 रुपये टूटकर 2.24 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। चांदी की कीमत तीन महीने से अधिक समय के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई।



- सोना बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी 3000 रुपये टूटकर 2.24 लाख रुपए प्रति किलो

गैर-अनुसूचित दवाओं का ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित

कैंसर दवाओं पर केंद्र का बड़ा फैसला एमआरपी में 70% तक आएगी कमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने कैंसर मरीजों को राहत देने के लिए गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन 30% तक सीमित करने का फैसला किया है। इससे कुछ दवाओं की एमआरपी में 70% तक कमी और मरीजों की बड़ी बचत का अनुमान है। कैंसर मरीजों को महंगी दवाओं से राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सभी गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं पर ट्रेड मार्जिन को अधिकतम 30 फीसदी तक सीमित करने का निर्णय लिया है। यह नियम ब्रांडेड और जेनेरिक, घरेलू और आयातित तथा पेटेंट वाली और गैर-पेटेंट वाली दवाओं पर लागू होगा। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य दवाओं की कीमतों में शामिल अत्यधिक ट्रेड मार्जिन को कम करना है, ताकि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली जीवनरक्षक दवाएं मरीजों के लिए अधिक किफायती हो सकें।



इस फैसले से मरीजों को हर साल करीब 2,500 करोड़ रु. की बचत हो सकती है

ब्रांडेड और जेनेरिक दोनों दवाएं दायरे में

नए फैसले की खास बात यह है कि इसमें गैर-अनुसूचित श्रेणी की कैंसर रोधी दवाओं को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। यानी ब्रांडेड और जेनेरिक, देश में बनी और आयातित तथा पेटेंट और गैर-पेटेंट दवाओं पर ट्रेड मार्जिन की सीमा लागू होगी। इसका मकसद दवा की कीमत और मरीज द्वारा चुकाई जाने वाली वास्तविक राशि के बीच के अंतर को कम करना है।

सोशल मीडिया पर गारंटीड रिटर्न का दावा करने वाली योजना में निवेश से बचें : एनएसई

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए शेयर बाजार में निवेश संबंधी सलाह देने वाले कुछ लोगों और प्लेटफॉर्म से निवेशकों को सावधान किया है। एनएसई के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर "**Emily Foster**" नाम से एक हैंडल, "**Astro Emily**" नामक मोबाइल एप्लिकेशन और **Astro Emily** वेबसाइट के जरिए शेयर बाजार में निवेश संबंधी टिप्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा, "**Gulkesh**" नामक व्यक्ति, जो टेलीग्राम हैंडल **@official_aaditya_sir** का इस्तेमाल कर रहा है, निवेशकों से रकम जुटाने के साथ शेयर बाजार में निवेश संबंधी टिप्स, आश्वासित/गारंटीड रिटर्न और अकाउंट हैंडलिंग सेवाएं देने का दावा कर रहा है। इसके लिए निवेशकों से अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड साझा करने को कहा जा रहा है। एनएसई ने निवेशकों को सलाह दी है कि निश्चित, आश्वासित या गारंटीड रिटर्न का दावा करने वाली किसी भी योजना में निवेश न करें।

एयर इंडिया व अकासा एयर ने ईंधन अधिभार बढ़ाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ अकासा एयर लाइन ने बृहस्पतिवार को विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार बढ़ाने की घोषणा की। नई दरें नौ अक्टूबर से लागू होंगी। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि हाल के महीनों में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव रहा है। इसका मुख्य कारण भू-राजनीतिक घटनाक्रम और वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर लगातार बना दबाव है। बयान में कहा गया, "विमान ईंधन की कीमतों में हाल की बढ़ोतरी से एयरलाइंस की परिचालन लागत और बढ़ गई है। ईंधन एयरलाइन के कुल परिचालन खर्च का एक बड़ा हिस्सा होता है।" एयरलाइन ने कहा कि एटीएफ की उसकी परिचालन लागत में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है

सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में जेआईआईटी ऑनलाइन ओरिएंटेशन में छाई भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था



नोएडा। जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेआईआईटी) ने अपने सेक्टर 62 परिसर में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'दीक्षारंभ 2026' में अपने ऑनलाइन शिक्षार्थियों का स्वागत किया। यह कार्यक्रम जेआईआईटी के सेंटर फॉर डिजिटल एंड ऑनलाइन एजुकेशन (डीओई) द्वारा आयोजित किया गया। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उनके साथ उद्योग जगत की अन्य प्रमुख हस्तियाँ भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद जेपी हायर एजुकेशन सिस्टम का परिचय दिया गया। प्रो चांसलर डॉ. एस. सी. सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। संस्थान का प्रतिनिधित्व कुलपति डॉ. राजीव कुमार और प्रो चांसलर डॉ. एस. सी. सक्सेना ने किया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एशियन गेम्स-2026 के रजत पदक विजेता रेलकर्मी यशवीर सिंह का महाप्रबंधक ने किया अभिनंदन



नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में वाणिज्य सह टिकट क्लर्क के पद पर कार्यरत एवं प्रतिभावान खिलाड़ी यशवीर सिंह ने 20वें एशियन गेम्स, आइची-नागोया 2026, जापान में पुरुष जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। यशवीर सिह ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से देश और भारतीय रेलवे का नाम रोशन किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि के लिए गुरूवार दिनाक 08 अक्टूबर 2026 को यशवीर सिंह का अभिनंदन किया। महाप्रबंधक पंकज शर्मा ने यशवीर सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि यशवीर सिंह ने इसी वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लासगो 2026 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया था। इस प्रकार वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय स्तर की बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	पं. भ.द. शर्मा यूएचएस, रोहतक	शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए एएनएम/जीएनएम/एमपीएचडब्ल्यू(एम) कोर्सेज के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग प्रवेश पोर्टल के लिए सेवाओं का प्रावधान।	09.10.2026 16.10.2026	30,000/-	www.uhsr.ac.in	79999999489 academic@uhsr.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50021/I/88/6 दि. 08.10.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	जनता कॉलोनी, वार्ड 19, एम.सी. रोहतक में जागरण पार्क का सौन्दर्यीकरण और अपग्रेडेशन।	07.10.2026 13.10.2026	19.04 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50029/I/88/6 दि. 08.10.26

सूचना
हम कि सुरेन्द्र सिंह पुत्र राजबीर सिंह व कौशल्या देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह निवासी 430/3 वार्ड नं. 6, आदर्श नगर गोहाना, जिला सोनीपत बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अंकित कुमार व पुत्रवधू सिमरन सांगवान हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेनदेन/व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। हमारा व हमारे परिवार का इन दोनों से कोई संबंध नहीं रहा है।

ई-नीलामी सूचना
M/s. बालाजी प्रिंट पैक की आग से प्रभावित/खराब हो चुकी मशीनरी (P&M) - सिंगल फेसिंग मशीन - 1800 mm, हाइड्रोलिक मिल रोल स्टैंड - 1800 mm, प्री-हीटर मशीन - 600 mm, ओवर ब्रिज के साथ ए जॉर्पिंग करेक्शन मशीन - 1800 mm, प्री-हीटर - 900 mm (कुल वजन लगभग 16,540 kg) को "जैसा है, जहाँ है" (As Is Where Is) के आधार पर बेचने के लिए इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन सामानों को 09/10/26 से 17/10/26 के बीच किला नंबर 7621318, साफियाबाद, दहिया स्टॉक के पास, कुंडली, सोनीपत, हरियाणा, 131028 पर देखा जा सकता है इसके लिए श्री कपिल जैन (मोबाइल नंबर: 9211623627) से पहले अपॉइंटमेंट लेना होगा। ई-नीलामी 19/10/26 को होगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, श्री नीरज सदाना से मोबाइल नंबर 8434340000 पर संपर्क करें।
ई-ऑक्शन इनसाइट्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)
पता:- 148, स्ट्रीट #11, आशडा एक्लवे, गुरुद्वारा साहिब मालोमाजरा के पास, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब - 147001
या अधिक जानकारी के लिए हमें ईमेल करें
info@eauctionbharat.com
ई-ऑक्शन फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 18/10/26 को शाम 05:00 बजे से पहले है।

सा. क. प्रा. पाठशाला
गांव बिचपड़ी, खण्ड मुंडलाना (सोनीपत)
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सा.क.प्रा. पाठशाला बिचपड़ी-17954 खण्ड मुंडलाना, जिला सोनीपत में 4 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 30.10.26 को पाठशाला प्रांगण में दोपहर 12 बजे होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।
हस्ता/-हैड टीचर
जी.जी.पी.एस, बिचपड़ी (सोनीपत)
मो. नं. 88139-64741

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृष — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

मिथुन — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

कर्क — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

तुला — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

वृश्चिक — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।


कुंभ — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

मीन — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

झण्डेवाला देवी मंदिर में धूमधाम से मनेगा वासंतिक महोत्सव

नई दिल्ली। प्राचीन एतिहासिक झण्डेवाला देवी मंदिर मे वासंतिक नवरात्र महोत्सव गुरुवार 11. 10. 2026 से लेकर 20. 10. 2026 तक बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर साधारणतः लाखों भक्त माँ झंडेवाली देवी जी के दर्शन करने आते हैं और अपनी व अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हैं । प्रत्येक नवरात्र की भांति इस बार भी मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों की सुविधा व सुचारू दर्शन के सभी प्रबंध किये हैं। शारदीय नवरात्र संबंधित तैयारियों को ध्यान में रखते हुए लगभग पिछले एक महीने से लगातार बैठके चल रही है व तैयारियों की समीक्षा चल रही ताकि मेले के अवसर पर भक्तों को कोई परेशानी ना हो। रानी झांसी मार्ग, देश बंधु गुप्ता मार्ग व वरूणालय की तरफ से मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश किया जा सकेगा। भक्त माँ के दर्शन कर के निकासी द्वार से बाहर निकलेंगे जहाँ उन्हे माँ के भंडारे का प्रसाद दिया जायेगा। मंदिर में किसी भी प्रकार के प्रसाद चढ़ाने की व्यवस्था नही है। कोई भक्त बाहर की कोई वस्तु लेकर न आयें । मंदिर के अंदर और बाहर भव्य सजावट की गई है जिसका आकर्षण देखते ही बनता है। नवरात्र से तीन दिन पहले से अनेक स्थानों के मंदिरों से भक्तजन ज्योत लेने आते हैं। उनके ठहरने, भोजन प्रसाद आदि की सभी सुविधाएं मंदिर की ओर से प्रदान की जाती हैं।

शब्द पहेली - 6372




बाएँ से दाए
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

ऊपर से नीचे
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली - 6371 का हल

	अ	स	ह	यो	ग		अ	दा	व	त
र	क्स		रा		ग	रु	ड़		न	र
ख		स	ना	त	न		ना	म		क
र	फ्तां	र			चुं	गी		त	म	स
खा		मा		चा	बी		सी		ही	
व	ल	या	का	र		प	रा	वा	प	न
	क		या		का	ल		द		क
द	वा	त		भ	ला			गा	य	ब
र		र	ज		बा	जी	ग	र		ज
क	र		ल	ह	जा		जं		खा	न
ना	जा	य	ज		र	घु	ना	य	क	



खबर संक्षेप

नेपाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप, लोग सुरक्षित

काठमांडू। नेपाल के पश्चिमी हिस्से में बुधवार रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके बजुरा के साथ आसपास के कई जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक कहीं से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, भूकंप बुधवार रात स्थानीय समयानुसार 9:37 बजे आया। भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बजुरा जिले की बुधीगंगा नगरपालिका-10 में जमीन के भीतर था।

सऊदी एयरपोर्ट पर हूतियों के हमले में तीन की मौत

रियाद/ नई दिल्ली। सऊदी अरब के दो एयरपोर्ट्स पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। इसमें 3 लोगों की मौत और 36 घायल हुए हैं। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने जानकारी दी। हूती विद्रोहियों ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है। वहीं, यमन में सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने हूतियों के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की है।

हवलदार की पत्नी-बेटी से दरिंदगी करने वाले तीन दरिंदों को मृत्युदंड

अंबिकापुर। प्रधान आरक्षक की पत्नी और 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद उनकी बेरहमी से हत्या करने के मामले में सूरजपुर की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। न्यायालय ने मुख्य आरोपी कुलदीप साहू, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सीके और फूल सिंह उर्फ रिंकू सिंह को फांसी की सजा सुनाई है। चौथे आरोपी आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी को मरते दम तक कारावास की सजा दी गई है। मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर स्थित फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट में न्यायाधीश आनंद प्रकाश के कोर्ट में हुई।

रूस का यूक्रेन पर हमला, 30 की मौत

कीव। यूक्रेन में रूसी हमलों का सिलसिला तेज होता जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों में 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 18 लोग घायल हुए हैं। इन हमलों में एक बस को भी निशाना बनाया गया। इस बीच राजधानी कीव में बिजली का संकट और गहरा गया है। यूक्रेन में सर्दियों से पहले रूस के हमले लगातार तेज हो रहे हैं।

पुंछ में मिली लैंडमाइन सुरक्षित ढंग से नष्ट की



पुंछ। भारतीय सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सब डिविजन में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक लैंडमाइन का पता लगाया, जिसे बाद में सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। बालाकोट के फॉरवर्ड एरिया में रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान इस लैंडमाइन का पता चला और बाद में बम डिस्पोजल टीम ने इसे नष्ट कर दिया। घुसपैठ रोकने के सिस्टम के तहत फॉरवर्ड एरिया में कई जगहों पर लैंडमाइन बिछाई जाती हैं।

ट्रेन से लापता लड़की का शव आंध्र प्रदेश में मिला

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी शहर स्थित अपने घर लौटने के लिए दो दिन पहले ट्रेन में चढ़ने के बाद लापता हो गई यहां की एक कॉलेज छात्रा का शव आंध्र प्रदेश में रेलवे पटरी के पास बरामद हुआ है। मृतका के परिजनों ने बृहस्पतिवार को इसे हत्या का मामला बताया है। नृत्य समूह के साथ आंध्र प्रदेश गई छात्रा छह अक्टूबर को रात लगभग 12:15 बजे विशाखापट्टनम स्टेशन से ट्रेन में सवार हुई थी। उसे स्टेशन छोड़ने एक स्थानीय परिचित गया था। स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में वह दोस्त के साथ और बाद में अन्य यात्रियों के बीच बोगी में चढ़ती हुई दिख रही है। गुवाहाटी के बोंडा इलाके की रहने वाली और स्थानीय कॉलेज की छात्रा एक नृत्य प्रतियोगिता के लिए विशाखापट्टनम गई थी।



विशाखापट्टनम से गुवाहाटी आ रही थी

सहेली से बोली थी लड़के उसे छेड़ रहे

पंजाबः घर में कटर से गला काटकर पादरी की हत्या

बटाला (पंजाब)। पंजाब के बटाला के गांधी कैंप में दिनदहाड़े पादरी बलविंदर पाल उर्फ लाडी की हत्या कर दी गई। कुछ लोग उनके घर में घुसे और तेजधार हथियार से हमला किया। मोहल्ले में हुए विवाद का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। बलविंदर पाल अपने घर में ही चर्च चलाते थे। परिवार के मुताबिक वह घर में अकेले रहते थे। आज सुबह कुछ लोग उनके घर में घुस गए और बलविंदर पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। परिवार के लोग अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे सन्नी ने बताया कि बलविंदर की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। थाना सिविल लाइन के प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची।



दिनदहाड़े घर में घुसे दो हमलावर एक की बाजू नहीं थी, सीसीटीवी में भागते दिखे

खन्ना में आढ़ती से गनपॉइंट पर 15 लाख और कार लूटी



बैंक के बाहर माथे पर पिस्टल तानी

गाड़ी से बाहर फेंककर फरार

खन्ना(पंजाब)। लुधियाना के खन्ना में दिनदहाड़े करीब 2 बजे आढ़ती से गनपॉइंट पर 15 लाख और गाड़ी की लूट हुई है। आढ़ती ने ये रकम बैंक से निकलवाई थी। जैसे ही वह कैश लेकर अपनी गाड़ी में बैठे तो लुटेरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। इसके बाद वह वहां से फरार हो गए। लूट का पता चलते ही पुलिस हाई अलर्ट पर है। लुधियाना से बाहर जाने वाले रास्ते सील कर दिए गए हैं। इसके अलावा पुलिस की कई टीमें लुटेरों की तलाश में सभी रास्तों पर रवाना कर दी गई हैं। फिलहाल लुटेरों का सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के मुताबिक आढ़ती अमलोह से पेमेंट लेने के लिए खन्ना आए थे। यहां वे एचडीएफसी बैंक में गए और वहां से 15 लाख निकलवाकर ले आए।

जोधपुर में वायुसेना दिवस पर एयर शो में करतब दिखाए

सूर्यकिरण विमानों ने बनाया तिरंगा और दिल भी उकेरा, एक साथ गुजरे पांच ध्रुव हेलिकॉप्टर



जोधपुर। जोधपुर एयरबेस पर वायुसेना दिवस पर गुरुवार को एयर शो हुआ। इसमें सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के 9 हॉक एमके-132 विमानों और सारंग टीम के 5 एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने आसमान में करतब दिखाए। करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरते हुए सूर्यकिरण के विमानों ने केसरिया, सफेद और हरे रंग के धुएं से तिरंगा फॉर्मेशन बनाई। विमानों ने आसमान में डीएनए फॉर्मेशन और हार्ट शेप (दिल की आकृति) भी उकेरी।

- एयर शो में स्वदेशी फाइटर जेट तेजस का कोबरा मैन्युवर और राफेल व सुखोई-30एमकेआई की सोलो उड़ान भी आकर्षण का केंद्र रहेगी
- सारंग टीम ने भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में कई अंतर्राष्ट्रीय एयर शोज में हिस्सा लिया



राहुल-प्रियंका ने बापू को श्रद्धांजलि दी

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कनॉट प्लेस से राजघाट की ओर कूच किया

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- विपक्षी दल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग तथा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र और आयोग पर निशाना साध रहे

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने निर्वाचन आयोग के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन अपना प्रदर्शन जारी रखा और महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि उन्होंने 'सरकार को सद्बुद्धि देने' और 'वोट चोरी बंद होने' के लिए प्रार्थना की है। विपक्षी दलों ने यह भी कहा कि 'वोट चोरी' के खिलाफ और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उनका अभियान जारी रहेगा। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का समय मांगा है और राष्ट्रपति भवन से जवाब का इंतजार कर रहे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मेजबानी में यहां 'मोएट्स' रेस्तरां में दोपहर का भोजन किया और अपराह्नन करीब तीन बजकर 15 मिनट पर तीन बसों में सवार होकर राजघाट रवाना हुए। राजघाट पहुंचने के बाद वे कुछ देर मौन बैठ रहे और फिर बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित किए।



देश को हाईजैक किया' : राहुल गांधी

पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह, संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'आपराधिक साजिश' के तहत देश को 'हाईजैक' करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इन लोगों को न्याय के कटघरे में लाना हमारी गारंटी है। राहुल ने जोर देकर कहा कि इन लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

तेजस्वी के नेतृत्व में प्रदर्शन

पटना। बिहार में एसआईआर के खिलाफ तेजस्वी यादव के नेतृत्व में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने बृहस्पतिवार को पटना में विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के लिए रैली बिहार विधानसभा परिसर के सामने स्थित शहीद स्मारक से शुरू हुई और बिहार लोक भवन की ओर बढ़ रही थी

प्रदर्शन की अनुमति को लेकर हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय युवा कांग्रेस की उस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें कथित अनियमितताओं को लेकर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी गई है।

बेंगलुरु में सीजेपी का जोरदार प्रदर्शन

ध्रुव राठी, प्रकाश राज हुए शामिल दीपके ने वोट चोर के नारे लगवाए

बेंगलुरु (भाषा)। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री मोदी पर 'लोकतंत्र की हत्या करने और वोट चोर" का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पद से इस्तीफा देने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। यहां नागरिक समाज समूह और सीजेपी द्वारा एसआईआर के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के तहत मतदाताओं के नाम हटाने का उद्देश्य भाजपा का विरोध करने वाले लोगों को मतदान के अधिकार से वंचित करना था।



सीजेपी को प्रदर्शन की अनुमति नहीं : दिल्ली पुलिस की चेतावनी

कॉकरोच जनता पार्टी ने ऐलान किया है कि वह 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी। पार्टी ने 7 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस को प्रदर्शन की सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी है। पुलिस ने सीजेपी को दिल्ली में नहीं पहुंचने की चेतावनी भी दी है।

वाराणसी से वडनगर सेवा यात्रा खत्म, भूपेंद्र पटेल और शिवराज शामिल हुए



▶▶ पीएम के जनसेवा में 25 साल होने पर शुरू हुई थी

नई दिल्ली। पीएम मोदी के जनसेवा और सुशासन के 25 वर्ष पूरे होने पर वडनगर में 'वाराणसी से वडनगर सेवा यात्रा' का समापन समारोह आयोजित किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत निकली इस यात्रा के समापन पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया और बाइकर्स का सम्मान किया।

10 राज्यों से होकर गुजरी यात्रा

500 बाइकर्स और सेवा यात्रियों ने 10 राज्यों के सैकड़ों गांवों व शहरों में घूमकर स्वच्छता, पौधरोपण और नशामुक्ति जैसे सामाजिक कार्य किए। यात्रा के दौरान वडनगर के शर्मिष्ठा तालाब का जल काशी विश्वनाथ पहुंचाया गया, जबकि वाराणसी से लाए गए पवित्र जल से वडनगर के ऐतिहासिक हाटकेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया।

तृणमूल के 20 बागियों की बैठक से 10 गैरहाजिर

कोलकाता (भाषा)। एनसीपीआई के साथ जुड़ने वाले तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों की बृहस्पतिवार को यहां हुई बैठक में आधे सांसद शामिल नहीं हुए। बैठक में सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष लंबित अयोग्यता याचिका के मद्देनजर आगे की कानूनी और राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की। बैठक में शामिल सांसदों ने 10 सांसदों की गैरमौजूदगी को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि उनमें से कुछ विदेश में हैं और कुछ अन्य जगह व्यस्त हैं। वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय द्वारा यहां एक होटल में बुलाई गई बैठक में दुर्गा पूजा से पहले सांसदों के लिए चिकन और मटन के व्यंजन, पुलाव और मिठाइयों का भी इंतजाम किया गया था। हालांकि, 10 सांसदों की गैरमौजूदगी ने इस कार्यक्रम में राजनीतिक रंग जोड़ दिया।

महादेव बेटिंग ऐप मामले में कार्रवाई

शेफाली ने ईडी के सामने सरेंडर किया सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेव बेटिंग ऐप मामले में बिग बॉस फेम तथा टीवी होस्ट शेफाली बग्गा ने ईडी के सामने 1.20 करोड़ रुपए सरेंडर कर दिए हैं। उन पर आरोप है कि बेटिंग प्लेटफॉर्म के प्रमोशनल वीडियो बनाने के लिए उन्हें करीब 1.50 करोड़ रुपए दिए गए थे। ईडी ने अपनी चार्जशीट में उल्लेख किया है कि दिल्ली स्थित उनके घर की तलाशी में 30 लाख रुपए नकद मिले थे। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पूछताछ के दौरान बग्गा ने रुपए सरेंडर करने की इच्छा व्यक्त की थी।

इससे पहले मई में, केंद्रीय जांच एजेंसी ने शेफाली बग्गा के दिल्ली और मुंबई स्थित निवास पर छापा मारा था। छापे के दौरान 30 लाख रुपए जब्त किए गए थे। इस तरह सरेंडर तथा जब्त रकम 1.5 करोड़ हो जाती है। ईडी का आरोप है कि यह महादेव सिंडिकेट के अपराध की कमाई का हिस्सा है।

रायपुर जोनल ऑफिस में 50 तथा 70 लाख रुपये के दो डिमांड ड्राफ्ट सौंपे

देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन बेटिंग सिंडिकेट

देश के सबसे बड़े अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट्स में से एक महादेव घोटाला, एक ऐसा ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म है जो पोकर, कार्ड गेम्स और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं पर जुआ खेलने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराता था। इस सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल है। उनके द्वारा इस एप का संचालन दुबई से किया जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म ने फ्रेंचाइजी के जरिए अपना नेटवर्क बढ़ाया और बेनामी बैंक खातों के एक जटिल नेटवर्क के माध्यम से धन का लेन-देन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया।



आईसीजी का सारेक्स-2026 आयोजन

30 देशों के साथ समुद्री बचाव अभियान और क्षमता का प्रदर्शन





एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को ओडिशा के पारादीप के पास राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड (एनएमएसएआरबी) की देखरेख में 12वें राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास (सारेक्स-2026) का आयोजन किया। 'खोज एवं बचाव तैयारियों तथा समुद्री सुरक्षा को विस्तृत करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर आयोजित इस अभ्यास में समुद्री और हवाई एजेंसियों ने भाग लिया।

इसका उद्देश्य समुद्र में बड़े पैमाने पर बचाव अभियानों के लिए परिचालन तैयारियों, आपसी समन्वय और संयुक्त कार्रवाई क्षमता का प्रदर्शन करना था। इस अभ्यास का अवलोकन भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने किया। इसमें तटरक्षक बल, नौसेना, वायु सेना, भारतीय जहाजरानी निगम, जहाजरानी महानिदेशालय, मत्स्य पालन विभाग, सीमा शुल्क विभाग, समुद्री पुलिस, पारादीप पत्तन प्राधिकरण और ओडिशा राज्य प्रशासन ने भाग लिया। अभ्यास में 30 देशों के 32 पर्यवेक्षकों ने भी हिस्सा लिया। यह समुद्री खोज एवं बचाव कार्यों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। उनकी भागीदारी से सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के आदान-प्रदान, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और संयुक्त रूप से काम करने की क्षमता को बढ़ावा मिला।

एलन मस्क को सरकार की दो टूक

दूरसंचार सेवाओं में निष्पक्ष और भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अरबपति एलन मस्क के उस सोशल मीडिया पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत में सैटेलाइट संचार सेवाओं के लिए नियामकीय ढांचे को 'भेदभावपूर्ण तरीके' से लागू किया जा रहा है।

संचार मंत्रालय ने स्पेसएक्स के संस्थापक और सीईओ एलन मस्क के इस दावे को 'बेबुनियाद और गलत धारणा पर आधारित' बताया कि भारत में स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने सैटेलाइट संचार सेवाओं समेत सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए निष्पक्ष और भेदभावरहित मंजूरी व्यवस्था लागू की है।

मस्क का आरोप- स्टारलिंक को 'कुछ बड़े कारोबारी समूहों' द्वारा रोका जा रहा



एलन मस्क

सरकार के जवाब के बाद मस्क ने पूछा, 'क्या अंबानी हैं भारत के असली बॉस'

नई दिल्ली(भाषा)। केंद्र सरकार और अमेरिकी अरबपति एलन मस्क के बीच बृहस्पतिवार को जुबानी जंग की स्थिति बनती दिखी। स्टारलिंक की उपग्रह इंटरनेट सेवाओं को घरेलू कारोबारी हितों के कारण रोके जाने के आरोप दूरसंचार विभाग द्वारा खारिज किए जाने के कुछ घंटे बाद ही मस्क ने सवाल किया कि 'क्या अंबानी भारत के असली बॉस हैं।' इसके पहले दिन में सरकार ने स्टारलिंक की इंटरनेट सेवाओं की शुरुआत रोके जाने के आरोप खारिज करते हुए कहा था कि देश में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवा के सभी लाइसेंसधारकों के लिए सुरक्षा मानकों का अनुपालन करना अनिवार्य है। मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी ताजा पोस्ट में कहा, "स्टारलिंक को 165 से अधिक देशों में लाइसेंस मिला हुआ है और उसने भारत सरकार के सभी कानूनों और प्रावधानों का अनुपालन करने में पांच साल बिताए हैं, तो अब तक लाइसेंस क्यों नहीं मिला?"

पीएमओ स्वास्थ्य मंत्रालय और सीबीआई से जांच की मांग

2014 में साईं कम्युनिकेशन को दी गई थी

सफदरजंग अस्पताल में एक ही वेंडर की मैनपावर सप्लाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में शामिल सफदरजंग अस्पताल में मैनपावर सप्लाई को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, अस्पताल में एडमिनिस्ट्रेटिव और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी 2014 में साईं कम्युनिकेशन को दी गई थी। शिकायतकर्ता ने अस्पताल प्रशासन और मैनपावर एजेंसियों के बीच सांठगांठ का आरोप लगाया है। उसने पीएमओ, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और सीबीआई को शिकायत भेजकर मामले की जांच की मांग की है। शिकायत में मैनपावर के टेंडर, कर्मियों के वेतन, जीएसटी भुगतान और बिलिंग की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है।



1700 की मंजूरी के बावजूद करीब 2150 कर्मचारी रखे

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मंत्रालय से 1,700 कर्मचारियों की मंजूरी के बावजूद करीब 2,150 रखे गए। करीब 450 अतिरिक्त हैं। दावा है कि ये कोरोना काल से काम कर रहे हैं और इनके लिए अब तक मंजूरी नहीं ली गई है। वहीं, वेंडर रविंदर कुमार ने शिकायतकर्ता के आरोपों को गलत बताया। गौरीशा फैसिलिटीज को मार्च 2024 में टेंडर मिला था और पिछले सप्ताह 6 महीने का एक्सटेंशन मिला है।

राजस्थान के कुछ हिस्सों में सप्ताहांत में बारिश के आसार

ओडिशा से मानसून की विदाई शुरू, चमोली में भारी बर्फबारी

यूपी के 42 जिलों में अलर्ट, लखनऊ के मॉल में पानी घुसा, फर्रुखाबाद ओले गिरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ/देहरादून

उत्तराखंड, हिमाचल, मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ और झारखंड के आसपास बने ऊपरी हवा के साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण कई क्षेत्रों में बनी ट्रफ के कारण मौसम एक बार फिर बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के चलते ही छत्तीसगढ़ के 29 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। यहां 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। बिजली गिरने से बिलासपुर में 3 लोगों की मौत हो गई। यूपी में बाढ़ के बीच फिर से मौसम बिगड़ गया है। लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर और सुल्तानपुर समेत 5 शहरों में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। फर्रुखाबाद में ओले गिरे हैं।



गोमती नदी का पानी 10वें दिन भी बढ़ रहा

इधर, गोमती नदी का पानी 10वें दिन भी बढ़ रहा है। प्लासियो मॉल के चारों ओर पानी भर गया है। राज्य में आज 42 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मानसून ने गुरुवार को ओडिशा से विदाई शुरू कर दी। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, अब तक राज्य के छह जिलों से मानसून विदा ले चुका है। मानसून की वापसी की रेखा अब सुपौल, रांची, सुंदरगढ़, बारगढ़, बीजापुर, हैदराबाद, बेलगावी और पणजी से होकर गुजर रही है। उत्तराखंड के चमोली में भारी बर्फबारी से हेमकुंड साहिब धाम बर्फ की सफेद चादर से ढक गया है। देहरादून में तेज हवाओं के साथ शाम तक जोरदार बारिश हुई।

चिंतन

डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत



आर्थिकी
डॉ .जयंतीलाल भंडारी

भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा होने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

डिजिटल तकनीक ने दुनिया को जितनी तेजी से जोड़ा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध ने भी अपनी सीमाएं बढ़ाई हैं। आज मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है। बैंकिंग, खरीदारी, सरकारी सेवाएं, पहचान, कारोबार और व्यक्तिगत सूचनाएं सब कुछ एक छोटे से उपकरण में सिमट गया है। ऐसे में डिजिटल व्यवस्था पर नागरिक का भरोसा उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइबर धोखाधड़ी और डीपफेक से निपटने के लिए वैश्विक तंत्र बनाने का आह्वान समय की महत्वपूर्ण जरूरत को सामने रखता है। साइबर अपराध की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसका कोई निश्चित भौगोलिक क्षेत्र नहीं है। ठग एक देश में बैठकर दूसरे देश के नेटवर्क का इस्तेमाल कर तीसरे देश के नागरिक को निशाना बना सकता है। फर्जी कॉल, संदेश, लिंक और डिजिटल भुगतान के जरिए होने वाली ठगी अब किसी एक शहर या देश की कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं रही। इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, तकनीकी साधन और कई बार अलग-अलग देशों में मौजूद अपराधी काम करते हैं। डीपफेक ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। एआई की मदद से किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा और वीडियो इस तरह तैयार किए जा सकते हैं कि वास्तविक और नकली में अंतर करना आम व्यक्ति के लिए बेहद कठिन हो जाए। आने वाले समय में यह चुनौती और बढ़ सकती है। इसलिए साइबर सुरक्षा को केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जा सकता। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जो संदिग्ध कॉल, संदेश, वेबसाइट, भुगतान या डिजिटल पहचान को नागरिक तक पहुंचने से पहले ही पहचान सके। इसके लिए सरकारों के साथ दूरसंचार कंपनियों, बैंकों, तकनीकी कंपनियों और डिजिटल मंचों को साझा जिम्मेदारी निभानी होगी। मोबाइल और इंटरनेट की गति बढ़ाना डिजिटल विकास का एक पहलू है, लेकिन सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना उसका दूसरा और उतना ही महत्वपूर्ण पहलू है। 5जी और आने वाली 6जी तकनीक, एआई, डिजिटल भुगतान और इंटरनेट आधारित सेवाओं का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी निजी जानकारी सुरक्षित है और उसके नाम पर कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकती। ऐसे में डिजिटल सुरक्षा वैश्विक जरूरत बना गई है। इसमें सभी देशों को अपनी भूमिका निभानी होगी। दुनिया ने जिस तरह आतंकवाद, मादक पदार्थों और संगठित अपराध के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत को स्वीकार किया है, उसी तरह अब साइबर अपराध के खिलाफ भी साझा वैश्विक व्यवस्था बनानी होगी। देशों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों की पहचान, डिजिटल साक्ष्यों की उपलब्धता और त्वरित कार्रवाई के लिए स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। डीपफेक जैसी तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा मानक विकसित करने होंगे। डिजिटल क्रांति को रोकना समाधान नहीं है और न ही ऐसा होना चाहिए। तकनीक विकास, सुशासन और आर्थिक प्रगति का शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन इसका उपयोग सही दिशा में हो, तभी यह सार्थक होगी। जरूरत केवल इतनी है कि इसकी रफ्तार के साथ सुरक्षा की रफ्तार भी बढ़े। डिजिटल दुनिया में भरोसा टूट गया तो तकनीकी प्रगति की चमक फीकी पड़ जाएगी। इसलिए डिजिटल सुरक्षा अब किसी एक देश, कंपनी या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जरूरत है।

बढ़ती विकास दर के सामने चुनौतियां

इन दिनों भारत की विकास दर के बारे में प्रकाशित हो रही वैश्विक और राष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत की बढ़ती विकास दर के सामने वैश्विक और घरेलू मुश्किलों की चुनौतियां बनी हुई हैं। 6 अक्टूबर को प्रकाशित विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के पूर्व निर्धारित अनुमान 6.6 प्रतिशत को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस वित्त वर्ष में विकास दर बनाए रखने के लिए भारत को वैश्विक और घरेलू आर्थिक चुनौतियों का रणनीतिपूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के सामने आर्थिक वृद्धि बरकरार रखने की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। 7 अक्टूबर को रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की जो वृद्धि की है, उससे भी विकास की रफ्तार पर असर होगा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता में गतिरोध आ गया है। अमेरिका ने भारत से निर्यात नियंत्रित करने के लिए टैरिफ को दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। 18 सितंबर को अमेरिका में नए कानून के तहत राष्ट्रपति ट्रंप की मुट्ठी में भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की नई शक्ति आ गई है। भारत के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में निर्यात बढ़ाने की नई चुनौती भी आर्थिक वृद्धि की राह में बड़ी चुनौती दिखाई दे रही है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास ने कौटिल्य इकोनामिक कॉन्क्लेव में कहा कि देश को अपनी आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार सुधारों और अधिक आत्मनिर्भरता पर जोर देना होगा। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को वित्त मंत्रालय ने सितंबर 2026 की अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वित्तीय स्थितियों में कड़ाई, अमेरिकी व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, महंगाई और देश में कमजोर मानसून से निर्मित परिस्थितियां इस समय देश की आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने में बड़ी चुनौतियां बन गई हैं। इस परिदृश्य के कारण भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकती है। जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत ने 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की थी। ऐसे में भारत भू-राजनीतिक ध्रुवीकरण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ते व्यवधानों के कारण अपनी विकास दर को लेकर बेफिक्र नहीं रह सकता। देश के करीब एक तिहाई हिस्से में सूखे का संकट भी सामने दिखाई दे रहा है। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक अलनीनो के असर से इस बार मानसून के सीजन में करीब 12.6 प्रतिशत बारिश कम रही है और ऐसे में देश के 38 प्रतिशत हिस्से में सूखे का खतरा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित बुलेटिन 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' के अनुसार देश की आर्थिक रफ्तार की राह पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, ट्रंप टैरिफ और कमजोर मानसून की चुनौतियां मुश्किलों के रूप में दिखाई दे रही हैं। लेकिन इसके बावजूद मजबूत



घरेलू बुनियाद के दम पर देश की अर्थव्यवस्था दमदार बनी हुई है। 25 सितंबर 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 747.6 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 19.81 अरब डालर की ऊंचाई पर पहुंचकर पांच वर्षों के उच्चतम मासिक स्तर पर रहा है। वहीं, दूसरी ओर सरकार किसी भी प्रकार की घरेलू और वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। निसंदेह अब तक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच पूरी दुनिया में जिस तरह भारत की आर्थिक साख बढ़ी है,अब उसे बनाए रखना एक चुनौती है। गत 23 सितंबर को एसएंडपी और फिच रेटिंग्स जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है और कहा है कि इस प्रदर्शन के दम पर भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का पूर्वानुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6 प्रतिशत रहने का अनुमान था। इस रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक सुस्ती के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिला है। भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान में बढ़ोतरी का मुख्य आधार मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत में लगातार सुधार, और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकारी व निजी निवेश में आई तेजी है।मूडीज ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीएए 3' पर बनाए रखा है और देश के आर्थिक आउटलुक को 'स्थिर' रखा है। रिपोर्ट के अनुसार यद्यपि विकास की गति सकारात्मक है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। कहा गया है कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत के आयात बिल और चालू खाते के घाटे को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम के प्रतिकूल प्रभावों जैसे अल नीनो के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि महंगाई और ग्रामीण खपत पर दबाव डाल सकती है। वस्तुतः मूडीज का यह संशोधित अनुमान दर्शाता है कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। दुनिया की प्रसिद्ध जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर) ने भारत की विदेशी और स्थानीय मुद्रा दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग के साथ-साथ कंट्री सीलिंग को एक पायदान ऊपर बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि जेसीआर के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की उच्च विकास दर बनाए रखने में सफल रही है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ढांचागत सुधारों ने अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत किया है। निसंदेह अब देश और दुनिया के बदलते माहौल के बीच भारत के लिए वृद्धि दर बनाए रखना भी एक कठिन काम है। भारत के सामने कई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही हैं।

इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं। इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक रूप से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐसा किए जाने पर ही आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर आगे बढ़ सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पर्यटन



सुशील देव

एक बार बस्तर का दशहरा भी देखें !

यह बेहद सुकुन देने वाली बात है कि छत्तीसगढ़ का बस्तर, जिसे आमतौर पर नक्सलवाद और लाल आतंक के नाम से जाना जाता था, पर्यटन के नक्शे पर उसकी पहचान अब संस्कृति और प्रकृति की अनुपम छटा वाले पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जा रहा है। वास्तव में बस्तर का वन क्षेत्र बेहद निराला है। प्रकृति की हरियाली और स्वच्छता पर्यटकों को आकर्षित करता है। धीरे-धीरे बस्तर न केवल विकास की धारा से जुड़ रहा है बल्कि पयर्टन के हिसाब से भी तेजी से बदल रहा है। यहां का खूबसूरत इलाका अपनी अनोखी आदिवासी संस्कृति, घने जंगलों की छटा सबका ध्यान खींच रहा है। साथ ही, यहां के लोगों का भावपूर्ण और अतिथि सत्कार भी दुनिया भर के पर्यटकों को लुभा रहा है। बारिश का मौसम बीतने के बाद से ही यहां हरे-भरे जंगल, पहाड़ और उनके उफनते पर्यटकों का मन मोह रहे हैं। इसलिए आज की तारीख में बस्तर भी देश के बेहतरीन पर्यटन स्थलों में एक साबित हो रहा है। हालांकि बस्तर का दशहरा बहुत पहले से प्रसिद्ध है, लेकिन हाल के दिनों में इस अवसर पर जुटने वाले सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा दर्ज किया गया है। इस वर्ष भी यहां का दशहरा देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। नवरात्रि और दशहरा के अलावा यहां दीपावली पर भी दुनिया भर से भारी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इस बार और अधिक सैलानियों की उम्मीद की जा रही है। निश्चित तौर से इससे वहां की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। वहां के लोगों को इस बहाने रोजगार के साधन मिलते हैं। चर्चा है कि इस बार 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर के दशहरा में कुछ खास होने वाला है, जो यहां के सैलानियों को दिखेगा। गौरतलब है कि दशहरा यहां सिर्फ पूजा-पाठ का त्योहार नहीं, बल्कि नए बस्तर की नई पहचान के रूप में मनाया जाएगा। असल में बस्तर का दशहरा देश के बाकी हिस्सों से बहुत अलग और अनोखा होता है। ध्यान देने योग्य बात है कि बस्तर में रावण के पुतले का दहन नहीं होता। यानी यहां रावण दहन या राम-रावण युद्ध के किसी प्रसंग को दोहराने की परंपरा नहीं है। क्योंकि यहां देवी और प्रकृति की आराधना होती है। इसलिए बस्तर का यह प्रसिद्ध उत्सव भगवान राम की विजय या रावण वध से जुड़ा हुआ नहीं है। यह पूरी तरह से यहां की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और क्षेत्र के स्थानीय देवी-देवताओं को समर्पित है। यहां रावण दहन के बजाय विशाल लकड़ी के रथ खींचने, देवी-देवताओं की डोलियों के मिलन और आदिवासी लोक-परंपराओं पर पूरा फोकस होता है। मान्यता है कि बस्तर प्राचीन काल में दंडकारण्य का हिस्सा माना जाता था, इसलिए यहां रावण के पुतले को जलाने के बजाय उसकी संस्कृति और स्थानीय आस्था से जुड़ी रस्में (जैसे भीतर रैनी, बाहर रैनी और रथ परिक्रमा) निभाई जाती हैं। इस बार दशहरा और भी खास होने वाला है, क्योंकि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल होने वाली हैं। देश की राष्ट्रपति के इसमें शामिल होने से इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया है। खास बात यह भी है कि दशहरा देखने आ रहे सैलानी अब बस्तर के दूसरे गांवों और पर्यटन स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं, जिससे यहां के स्थानीय लोगों की कमाई के रास्ते खुल गए हैं। होटल और होम-स्टे चलाने वालों ने पर्यटकों के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली है। सैलानियों को सिर्फ प्राकृतिक नजारे ही नहीं, बल्कि पारंपरिक बस्तरिया पकवान खाने और यहां की लोक कलाओं को नजदीक से देखने का मौका भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंधन के मुताबिक वर्तमान राज्य सरकार बस्तर में इको-टूरिज्म, होम-स्टे और एडवेंचर टूरिज्म को तेजी से बढ़ावा दे रही है। सुरक्षा और आने-जाने के रास्तों में सुधार होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। सरकार का मकसद सिर्फ सैलानी बढ़ाना नहीं, बल्कि पर्यटन को रोजगार से जोड़ना है। इससे स्थानीय युवाओं, महिलाओं, गाइडों, कारीगरों और छोटे कारोबारियों को सीधे फायदा मिल रहा है। इससे यह समझा जा सकता है कि अब बस्तर आने वाले लोग सिर्फ दशहरा देखकर नहीं लौट रहे, बल्कि चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी, कुटुमसर और कैलाश गुफा जैसी जगहों पर भी जा रहे हैं। बारिश के बाद यहां की हरियाली और झरने इन जगहों को और भी खूबसूरत बना देते हैं। कांगेर घाटी में पर्यटकों को घने जंगलों के साथ आदिवासी जीवन को करीब से देखने का मौका मिल रहा है। स्पष्ट है कि पर्यटकों के यहां आने से बस्तर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। होम-स्टे, स्थानीय खाना, महुआ से बने उत्पाद, हस्तशिल्प और सुंदर कलाकृतियां पर्यटकों को बहुत पसंद आ रही हैं। इससे वाहन चालकों, छोटे दुकानदारों, कलाकारों और महिला समूहों की कमाई बढ़ रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है

संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'


सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

अंतर्मन



आज की पाती

तेल की कीमतों का झटका और भारत में बढ़ती महंगाई

महंगाई केवल बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण काम करते हैं। जब किसी देश में विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं या कच्चे माल की कीमत बढ़ती है और उसका असर घरेलू बाजार की कीमतों पर पड़ता है, तो इसे आयातित महंगाई कहा जाता है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती अधिक गंभीर है क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था ऊर्जा की आवश्यकताओं के लिए काफी हद तक आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव इसलिए केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर परिवहन, उद्योग, कृषि, खाद्य पदार्थों और अंततः आम आदमी की जेब तक पहुंचता है। - नवरत्न, दादरी

ट्रेंड

आत्मविश्वास और संकल्प



हमने जो भी प्रगति देखी है, वह इसलिए संभव हो पाई क्योंकि करोड़ों भारतीयों ने पूरे आत्मविश्वास और संकल्प के साथ देश के बदलाव में हिस्सा लिया। यह देखना विशेष रूप से सुखद है कि यह बदलाव लोगों के रोजमर्रा के जीवन में भी दिखाई दे रहा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

67933 गांव टीबी-मुक्त



आज यह बहुत खुशी की बात है कि 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों को बधाई।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

पाटेकर का निधन दुःखद



मशहूर अभिनेता नाना पाटेकर के निधन की खबर बेहद दुःखद है। अपनी एक्टिंग और किरदारों के ज़रिए उन्होंने भारतीय सिनेमा और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। दुख की इस घड़ी में, मेरी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के साथ हैं।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

देशद्रोही वामपंथी



देशद्रोही वामपंथी, जो सैद्धांतिक रूप से लोकतंत्र पर अविश्वास करते हैं और हिंसक क्रांति में भरोसा रखते हैं, साथ ही राष्ट्रवाद का पुरजोर विरोध करते हैं, उनका संस्थानों की छवि खराब करने का एक लंबा इतिहास रहा है।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, यूपी

करंट अफेयर

भारतीय नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल घाना



घाना ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत के नेतृत्व वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' (आईबीसीए) में शामिल होने के लिए 'स्वीकृति पत्र' प्रदान किया है और इसी के साथ यह पश्चिम अफ्रीकी देश इस गठबंधन का औपचारिक रूप से सदस्य बन गया है। जयशंकर तीन अफ्रीकी देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में घाना पहुंचे। इस यात्रा में कोट डी आइवर और इथियोपिया भी शामिल हैं। घाना के विदेश मंत्री सैमुअल ओकुदजेटो अबलाकवा ने बुधवार को द्विपक्षीय बातचीत के दौरान जयशंकर को यह स्वीकृति पत्र सौंपा। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें घाना के विदेश मंत्री से 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' में शामिल होने का स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने घाना के अपने समकक्ष के साथ अपनी एक वीडियो क्लिप और तस्वीर भी साझा की। आईबीसीए संधि पर आधारित एक अंतरसरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा समेत बड़ी बिल्ली प्रजाति के सात वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण पर केंद्रित है। भारत ने नौ अप्रैल, 2023 को 'प्रोजेक्ट टाइगर' की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में इस गठबंधन की शुरुआत की थी।

ऑफ बीट

फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान



मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


नाना पाटेकर ने निशानेबाजी में जीते हैं कई राष्ट्रीय पदक, क्रिकेट के थे बड़े प्रशंसक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार को गोवा स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनको खेलों के प्रति गहरे लगाव के लिए भी याद किया जाता रहेगा। वह क्रिकेट के बड़े प्रशंसक थे। नाना ने एक बार बताया था कि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे और मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क में बल्लेबाजों को नेट्स में गेंदबाजी किया करते थे। उन्होंने निशानेबाजी के कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। नाना पाटेकर को क्रिकेट का भी काफी शौक था। वे कैसे भी समय निकालकर क्रिकेट मैच देखा करते थे।

लंबे समय तक निशानेबाजी से जुड़े रहे नाना

निशानेबाजी में नाना की उपलब्धियों के चलते उन्हें 'रेनाउंड शॉट' का दर्जा मिला। इसके बाद उन्हें बिना शुल्क राइफल आयात करने की अनुमति भी मिली। उम्र बढ़ने के बावजूद उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून कम नहीं हुआ। उन्होंने 60 साल की उम्र पार करने के बाद भी इस खेल को जारी रखा और राष्ट्रीय व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे। नाना लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी से जुड़े रहे और इस खेल के प्रति लगन बनाए रखी।



फिल्म की तैयारी की निशानेबाजी बन गई जुनून

नाना के लिए फिल्म की तैयारी के तौर पर शुरू हुई निशानेबाजी धीरे-धीरे जीवनभर का जुनून बन गई। साल 2004 में इंदौर के बीएसएफ रेवती रेंज में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 300 मीटर बिग-बोर स्पर्धा में रजत पदक जीता था। इसके 3 साल बाद उन्होंने महाराष्ट्र की टीम के लिए कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 600 में से 549 अंक बनाए और व्यक्तिगत वर्ग में 12वें स्थान पर रहे थे।

नाना निशानेबाजों की करते थे मदद

नाना उभरते हुए राइफल निशानेबाजों की भी मदद करते थे। वह उनके प्रशिक्षण, कारतूस और जरूरी उपकरणों पर आने वाले बड़े खर्च को पूरा करने में सहयोग करते थे। नाना राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजों के लिए बेहतर आर्थिक पुरस्कारों की भी वकालत करते थे।उनका मानना था कि ऐसे प्रोत्साहन खिलाड़ियों को अपने जुनून को जारी रखने में मदद करेंगे और निशानेबाजी में उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी सहारा देंगे।

प्रहार फिल्म से शुरू की निशानेबाजी की तैयारी

नाना ने बताया था कि निशानेबाजी में उनका सफर 40 की उम्र में शुरू हुआ। वह निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोहों में मुख्य अतिथि बनकर जाते थे। इस दौरान उन्होंने कई तरह की बंदूकों पर हाथ आजमाया। उन्होंने बताया था कि वह बोतल के छोटे ढक्कन जैसे बेहद छोटे निशानों पर भी निशाना साधने लगे थे। 1991 की फिल्म 'प्रहार' की तैयारी के दौरान उन्होंने इसकी तैयारी शुरू की थी। उन्होंने भारतीय सेना से प्रशिक्षण लिया था।



खबर संक्षेप



अनुष्का के दो गोल से भारत ने सीरिया को हराया

सेलायंग (मलेशिया)। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई के अपने दूसरे मुकाबले में बृहस्पतिवार को सीरिया को 2-0 से हराकर अपने अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इराक के खिलाफ पहले मैच में भारत की रिकॉर्ड 14-0 की जीत में पांच गोल करने वाली अनुष्का (छठे और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागकर क्वालीफायर में अपने गोल की संख्या सात कर ली। इस जीत से भारत के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। अब ग्रुप ई में उसका आखिरी मुकाबला 11 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से होगा। केवल ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम ही एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2027 के लिए क्वालीफाई करेगी।

धनंजय ने छोड़ी कप्तानी कुसल को श्रीलंका की कमान



कोलंबो। श्रीलंका के टेस्ट कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से टेस्ट कप्तान का पद छोड़ दिया जिसके बाद कुसल मेंडिस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की श्रृंखला कप्तान के रूप में मेंडिस की पहली श्रृंखला होगी। मेंडिस पहले ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की अगुआई कर रहे हैं। श्रीलंका के लिए 31 वर्षीय मेंडिस ने 75 टेस्ट सहित कुल 343 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। कुसल मेंडिस की नियुक्ति का फैसला आज श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के मुख्यालय में हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया।

होप्स, हाडिन पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ से हटे



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स और फील्डिंग कोच ब्रैड हाडिन ने अपना पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग की इस टीम ने अभी तक इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों ने हाल में पंजाब किंग्स के प्रबंधन को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इन दोनों के पद छोड़ने की संभावना पहले से ही थी क्योंकि होप्स को क्वींसलैंड और ब्रिसबेन हीट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, जबकि हाडिन न्यू साउथ वेल्स की पुरुष टीम का कोच पद संभालेंगे। होप्स कुछ सत्र पहले मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ दिल्ली कैपिटल्स से पंजाब किंग्स में शामिल हुए थे।

भारत बनाम वेस्टइंडीज: दूसरा टी-20 मैच

टीम इंडिया बढ़त बढ़ाने और वेस्टइंडीज बराबरी करने आज दिखाएंगी दमखम

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच को जीतकर बढ़त बनाई हुई है। अब सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मेजबान टीम दूसरे टी-20 को भी जीतकर सीरीज में अपनी बढ़त दोगुना करना चाहेगी। दूसरी तरफ शाई होप के नेतृत्व में कैरेबियाई टीम पलटवार के इरादे से उतरेगी।

संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फॉर्म में हैं। टीम प्रबंधन युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना लेगी, लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है।

वेस्टइंडीज पर भारत का पलड़ा रहा है भारी

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। हाउस्टेट के मुताबिक, अब तक ये दोनों टीमें टी-20 प्रारूप में कुल 32 मैचों में आमने-सामने हुई है, इसमें से 21 में भारत को जीत मिली है और 10 मैच वेस्टइंडीज ने अपने नाम किए हैं। इस बीच एक मैच बेनतीजा भी रहा है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 6 टी-20 में से 4 में जीत दर्ज की है।

मैच भारतीय समयानुसार रात 7 बजे से शुरू होगा



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

भारत के लिए कप्तान अय्यर ने पहले टी-20 में शतक (102*) लगाया था। वह अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। लखनऊ में अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले नमन धीर ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे। वह एक बार फिर कमाल करना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान होप इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पहले टी-20 में भी अर्धशतक (52*) लगाया है।

पिच का मिजाज

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स की पिच आमतौर पर संतुलित होती है, लेकिन मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और ऐसे में स्पिन गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर अब तक 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 2-2 मैच जीते हैं। यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 161 रन है।

ऐसा रहेगा रांची का मौसम

एक्यूवेदर के अनुसार, 9 अक्टूबर को रांची में बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है। अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। ऐसे में मैच में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है।

भारत की संभावित एकादश

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, नमन धीर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, और मयंक यादव।

आईपीएल से फिर टकराएगा पाकिस्तान सुपर लीग

2027 में एक ही समय पर होंगे दोनों टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान सुपर लीग लगातार तीसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग के साथ टकराएगी। लीग के 12वें संस्करण का आयोजन 18 मार्च से 2 मई 2027 तक किया जाएगा। 2016 से 2024 तक पीएसएल फरवरी और मार्च में खेली जाती थी। हालांकि, आईसीसी टूर्नामेंटों के कारण 2025 से इसे अप्रैल-मई की अवधि में आयोजित किया जाने लगा। 2025 में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में भारत-श्रीलंका में टी-20 विश्व कप के कारण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

जनवरी-फरवरी में कड़ाके की ठंड बाधक

जनवरी-फरवरी में पीएसएल कराने की योजना को मुश्किल माना गया। इसकी बड़ी वजह पंजाब का मौसम है, जहां लीग के 4 पारंपरिक आयोजन स्थलों में से 3- लाहौर, मुल्तान और रावलपिंडी स्थित हैं। इन शहरों में जनवरी और फरवरी के दौरान कड़ाके की सर्दी पड़ती है। साथ ही घने कोहरे के कारण दृश्यता भी काफी कम होती है। ऐसे मौसम में मैचों के आयोजन और तय कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना चुनौतीपूर्ण माना गया।

जनवरी-फरवरी में टूर्नामेंट होने की योजना आगे नहीं बढ़ी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पीएसएल फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने हुई संचालन परिषद की बैठक में 12वें संस्करण को जनवरी-फरवरी में कराने की संभावना पर चर्चा की थी। यह चर्चा वली टेक्नोलॉजीज की ओर से मौजूदा समय में प्रसारण से होने वाली कम आय पर चिंता जताए जाने के बाद हुई। वली टेक्नोलॉजीज के पास 2029 तक मीडिया अधिकार हैं और वह लीग की रावलपिंडिज की मालिक भी है। हालांकि, जनवरी-फरवरी में आयोजन की योजना आगे नहीं बढ़ सकी।

सिंधू आर्कटिक ओपन में आगे बढ़ीं थारुन, तन्वी और श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां जापान की रिको गुनजी को हराकर आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों का इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अभियान समाप्त हो गया।

हैदराबाद की 31 वर्षीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में गुनजी को 21-15, 21-15 से हराया। सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी का सामना अब शीर्ष वरीय और पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से होगा।

इन खिलाड़ियों को झेलना पड़ी हार

हालांकि, थारुन मान्नेपल्ली और तन्वी शर्मा के लिए दिन निराशाजनक रहा और दोनों को अपने एकल मुकाबलों में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने मान्नेपल्ली को 21-14, 21-19 से हराया जबकि रतचानोक ने तन्वी को एकतरफा मुकाबले में 21-18, 21-7 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत भी शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। उन्हें कनाडा के ब्रायन यांग ने 21-15, 15-21, 21-13 से हराया।

एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश

नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पुरुष हॉकी में मेजबान भारत की नजरें एशियाई स्तर पर दबदबा कायम रखने पर लगी होंगी जबकि पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश को छह टीम को टूर्नामेंट में जगह दी गई है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और बांग्लादेश भाग लेंगे। पंजाब में लगभग दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के जरिये अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है। जापान के आइची नागोया में हाल ही में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम चार बार खिताब जीत चुकी है। मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय हॉकी नहीं खेली गई है।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी : छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 7 विकेट से हराया

रोहतक। वीनू मांकड़ ट्रॉफी के एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों और बल्लेबाजों का यह सामूहिक प्रयास टीम की जीत की मुख्य वजह बना। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की पूरी टीम 42.4 ओवरों में मात्र 177 रन पर ही ढेर हो गई। हरियाणा की तरफ से गौरिश दहिया ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 51 रन बनाए, जबकि संदीप ने 45 रनों का योगदान दिया। हालांकि, इन दोनों के अलावा हरियाणा का कोई भी अन्य बल्लेबाज छत्तीसगढ़ के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं सका। छत्तीसगढ़ की ओर से गेंदबाजी में अगमजोत ने सबसे घातक प्रदर्शन किया और हरियाणा के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही, धनंजय नायक ने 3 और शिवम यादव ने 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर हरियाणा की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने 42.5 ओवरों में मात्र 3 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और 7 विकेट से शानदार जीत अपने नाम की।

रायपुर की किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन, रूस के खिलाफ दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की बेटी और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी की खिलाड़ी किरण पिस्दा का भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। अब वे रूस के खिलाफ होने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों में भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर उतरेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम में किरण का चयन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने किरण के माता-पिता, प्रशिक्षकों और रायपुर आवासीय बालिका फुटबॉल अकादमी को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि किरण भारतीय टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

फुटबॉल अकादमी में रही महत्वपूर्ण भूमिका

किरण की इस उपलब्धि में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रायपुर स्थित बालिका फुटबॉल अकादमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अकादमी में नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण, तकनीकी मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसरों के जरिए उनकी प्रतिभा को निखारा गया। कोच सरिता कुजूर के मार्गदर्शन में किरण के तकनीकी कौशल के साथ मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और दबाव में निर्णय लेने की क्षमता पर भी काम किया गया।

भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी किरण

भारतीय टीम में किरण की यह वापसी भी है। इससे पहले वे 2022 में नेपाल में आयोजित एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप में भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैच विंडो के तहत रूस के खिलाफ दो मुकाबलों के लिए उनका चयन हुआ है। पहला मैच 8 अक्टूबर को शाम 6 बजे और दूसरा 11 अक्टूबर को कोलकाता के किशोर भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो ने भी किरण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की अन्य बालिका खिलाड़ियों को बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश ने किया खुलासा

रणजी से पहले विकेटकीपिंग कर रहे जायसवाल...?

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं। वह मुंबई क्रिकेट टीम में चुने गए हैं। इस बीच खबर है कि जायसवाल रणजी ट्रॉफी सीजन की तैयारी के दौरान विकेटकीपिंग का अभ्यास भी कर रहे हैं।

मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने भी जायसवाल की विकेटकीपिंग करने की पुष्टि की है। वहीं मुंबई की टीम में सूर्यकुमार यादव शुरुआती मुकाबलो के लिए नहीं चुने गए हैं। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान जैसे अनुभवी और स्थापित वरिष्ठ खिलाड़ियों को दरकिनार करते हुए सीधे 19 वर्षीय आयुष म्हात्रे को उपकप्तान बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



यशस्वी टीम के लिए उपयोगी हैं : सिद्धेश

रणजी ट्रॉफी के पहले मैच के लिए मुंबई की टीम में शार्दुल ठाकुर नहीं हैं। वहीं, अजिंक्य रहाणे भी संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में जायसवाल टीम के अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनसे मुंबई को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। लाड ने उनकी उपयोगिता को लेकर आगे कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी सिर्फ पहले मैच के लिए उपलब्ध हैं। यशस्वी जैसे खिलाड़ी सिर्फ अच्छा प्रदर्शन ही नहीं करते, बल्कि अपने अनुभव से टीम की वैल्यू भी बढ़ाते हैं।

रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम

मुंबई की टीमः सिद्धेश लाड (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आयुष म्हात्रे (उपकप्तान), दिव्यांश सक्सेना, मुशीर खान, सरफराज खान, सुवेद पारकर, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, अथर्व अंकोलेकर, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डीसूजा, ओंकार तरमले।

यशस्वी विकेटकीपिंग करना चाहते हैं : लाड

मुंबई को अपने पहले मैच में 11 अक्टूबर चंडीगढ़ से भिड़ना है। इस मैच से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लाड ने कहा, मुझे लगता है कि यशस्वी विकेटकीपिंग शुरू करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैंने उनसे यही सुना है। वह मुंबई या भारतीय टीम के लिए विकेटकीपिंग करना चाहते हैं। उनका मकसद यही है, मुझे ऐसा ही लगता है, लेकिन इस बारे में मुझे कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

जायसवाल ने 10 ओवर विकेटकीपिंग भी की

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणजी ट्रॉफी से पहले मुंबई के एक अभ्यास मैच के दौरान जायसवाल ने लगभग 10 ओवर तक विकेटकीपिंग भी की है। लाड ने कहा, उन्होंने विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं। मुझे पक्का नहीं पता कि उनका इरादा क्या है, लेकिन अभी वह विकेटकीपिंग का अभ्यास कर रहे हैं और अगर वह ऐसा करते रहे, तो उन्हें इसकी आदत हो जाएगी।



सिनेमा के 'नाना' नहीं रहे, किरदार में जिंदा रहेंगे



'मौत से बढ़कर कोई दोस्त नहीं'

चार दिन पहले कहा था- हम सभी को एक दिन जाना है, पता नहीं मैं कल यहां रहूंगा या नहीं; गोवा में अंतिम दर्शन और पुणे में अंतिम संस्कार

नाना पाटेकर का जाना केवल एक अभिनेता का जाना नहीं है। यह उस दौर के एक ऐसे कलाकार का विदा होना है, जिसने अभिनय को केवल संवाद बोलने या चेहरे के भाव बदलने तक सीमित नहीं रखा। उनकी आवाज में वजन था, आंखों में कहानी थी और हर किरदार में एक अलग आदमी दिखाई देता था। 'परिंदा' का कठोर संसार हो, 'प्रहार' का सैनिक तेवर, 'क्रांतिवीर' का जुनून, 'खामोशी' की संवेदना या 'वेलकम' का हास्य। नाना हर जगह अलग नजर आए। यही किसी बड़े अभिनेता की सबसे बड़ी पहचान होती है। कलाकार शरीर से विदा होते हैं, लेकिन उनके निभाए किरदार दर्शकों की स्मृति में लंबे समय तक जीवित रहते हैं। नाना पाटेकर भी अपने किरदारों के जरिए हमेशा हमारे बीच रहेंगे। ...अलविदा नाना!

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी शोक की लहर है। 75 वर्षीय नाना पाटेकर ने अभिनय के अलावा किसानों और ग्रामीणों की मदद के लिए भी अलग पहचान बनाई। महाराष्ट्र में सूखे, जल संकट और किसानों की आत्महत्या की घटनाओं ने उन्हें इतना विचलित किया कि उन्होंने अपनी निजी जरूरत को पीछे रखकर किसानों की मदद का रास्ता चुना। इसी सोच के साथ उन्होंने 2015 में अभिनेता मकरंद अनासपुरे के साथ मिलकर 'नाम फाउंडेशन' की शुरुआत की। नाना पाटेकर किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे। फसल खराब होने, कर्ज के बोझ और किसानों की आत्महत्या जैसे मुद्दों पर वे सार्वजनिक रूप से अपनी चिंता जाहिर करते थे। उनका मानना था कि देश का पेट भरने वाले किसानों को संकट के समय अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए 'नाम फाउंडेशन' को औपचारिक रूप से पंजीकृत कराया गया।


नाना पाटेकर का 4 दिन पुराना आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें नाना पाटेकर ड्रम बजाते, डांस करते और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा था, "हम सभी को एक दिन जाना है। पता नहीं मैं कल यहां रहूंगा या नहीं।"

'क्रांतिवीर' से 'वेलकम' तक ये रहे सबसे यादगार संवाद

- दर्शकों को बेचैन, भयभीत, रोमांचित और भावुक कर देने वाली आवाज के लिए मशहूर नाना पाटेकर साधारण से संवाद को भी यादगार बनाने की कला जानते थे। करीब पांच दशक लंबे करियर में दिग्गज अभिनेता ने ऐसे अनगिनत संवाद दिए, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में दर्ज हो गए।
- 'धंधे में कोई किसी का भाई नहीं, कोई किसी का बेटा नहीं" — 'परिंदा' (1989)
- 'आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने' 'क्रांतिवीर' (1994)
- 'बता इसमें मुसलमान का खून कौन सा और हिंदू का कौन सा?' — 'क्रांतिवीर'
- 'सौ में से अस्सी बेईमान, फिर भी मेरा देश महान' — 'क्रांतिवीर'
- 'एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है" — 'यशवंत' (1997)
- 'मौत से बढ़कर कोई दोस्त नहीं है'। — 'गुलाम-ए-मुस्तफा' (1997)
- 'हम सब सिस्टम का हिस्सा हैं, सिस्टम डिसाइड करता है, अपन फॉलो करता है'। — 'अब तक छप्पन' (2004)
- 'भगवान का दिया सब कुछ है। दौलत है, शोहरत है, इज्जत है'। — 'वेलकम' (2007)
- 'कंट्रोल उदय!' — 'वेलकम' (2007)
- 'आलू ले लो, कांदा ले लो' — 'वेलकम'

अभिनेता और फिल्मकार राज कपूर ने एक बार नाना को एक किरदार की पेशकश की थी, लेकिन नाना ने उसे ठुकरा दिया। दिसंबर 2024 में साक्षात्कार में, पाटेकर ने उस मशहूर फिल्मकार को मना करने के फैसले के पीछे की कहानी भी बताई थी।

कारगिल में 60 दिन सैनिकों के साथ रहे नाना

सेना की क्विक रिएक्शन टीम का बने हिस्सा, द्रास से कुपवाड़ा तक की गश्त, युद्ध के दौरान 20 किलो घटा वजन

अभिनेता नाना पाटेकर की देशभक्ति केवल फिल्मों तक सीमित नहीं थी। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने भारतीय सेना के साथ करीब 60 दिन बिताए और जवानों के साथ मोर्चे पर सेवाएं दीं। उन्होंने तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस से मुलाकात कर सेना के साथ जाने की अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद वे सेना की क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) का हिस्सा बने। नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म 'प्रहार' के लिए उन्होंने मराठा लाइट इन्फैंट्री के साथ सैन्य प्रशिक्षण लिया था। इसी अनुभव के कारण उन्हें सेना की गतिविधियों को करीब से समझने का मौका मिला। कारगिल युद्ध के दौरान वे द्रास, लेह, कुपवाड़ा, बारामूला और सोपोर जैसे इलाकों में रहे। इस दौरान उन्होंने जवानों के साथ गश्त करने के अलावा घायल सैनिकों की मदद भी की और अस्पताल बेस में सेवाएं दीं।नाना ने बताया था कि युद्ध के दौरान उनकी दिनचर्या और परिस्थितियां बेहद कठिन थीं। श्रीनगर पहुंचने के समय उनका वजन करीब 76 किलो था, लेकिन करीब दो महीने बाद लौटे तो वजन घटकर 56 किलो रह गया था। युद्ध के अनुभव ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। नाना पाटेकर को बाद में सेना में मानद कैप्टन का पद दिया गया।


62 वर्ष की उम्र में सेना से सेवानिवृत्ति : नाना ने 62 वर्ष की उम्र में सेना से सेवानिवृत्ति ली। कारगिल युद्ध के दौरान जब भारतीय जवान अग्रिम मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ रहे थे, उस समय नाना ने अभिनय करियर की परवाह किए बिना सेना के साथ समय बिताया।

करीब 80 करोड़ की संपत्ति, फिर भी नहीं था दिखावे का शौक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नाना की अनुमानित नेटवर्थ करीब 50 से 80 करोड़ के बीच बताई जाती है। हालांकि, यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। उनकी संपत्तियों में मुंबई का करीब 750 वर्गफुट का 1 बीएचके फ्लैट शामिल था, जिसे उन्होंने दशकों पहले करीब 1.1 लाख रुपए में खरीदा था और जिसकी मौजूदा कीमत करीब 3 करोड़ रुपए बताई जाती है। गोवा में भी उनका घर था। इसके अलावा पुणे के खड़कवासला के पास करीब 27 एकड़ का फार्महाउस बताया जाता है, जहां खेती की जाती थी। उनके पास महिंद्रा जीप सीजे4, महिंद्रा स्कॉर्पियो और ऑडी क्यू7 जैसी गाड़ियां होने की जानकारी भी सामने आई है।

मग हाथ में, चेहरे पर ठहाका



सोशल मीडिया पर नाना पाटेकर का हाथ में मग लेकर जोर-जोर से हंसने वाला वीडियो इन दिनों खूब वायरल होता है। यह कोई अलग से बनाया गया मीम वीडियो नहीं, बल्कि उनके फिल्मी दृश्य का हिस्सा है। नाना के खास अंदाज, चेहरे के हाव-भाव और ठहाके को लोग अलग-अलग घटनाओं और मजेदार परिस्थितियों से जोड़कर रील्स में इस्तेमाल करते हैं। वीडियो पर नए संवाद, गाने और कैप्शन लगाकर इसे मीम का रूप दिया जाता है। खासकर उनकी स्वाभाविक और जोरदार हंसी लोगों को खूब पसंद आती है। यही वजह है कि यह क्लिप सोशल मीडिया पर बार-बार दिखाई देती है।

विश्वनाथ से 'नाना' कैसे बने नाना पाटेकर?

बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनेता नाना पाटेकर असली नाम विश्वनाथ गजानन पाटेकर था। 'नाना' नाम के पीछे भी कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि बचपन से जुड़ी एक भावुक याद है। नाना का जन्म 1 जनवरी 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड-जंजीरा में हुआ था। उनके पिता दिनकर पाटेकर और मां निर्मला पाटेकर थीं। बचपन में उनका नाम विश्वनाथ था और स्कूल में उन्हें कई लोग प्यार से 'विशू' भी कहते थे। नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में खुद बताया था कि उन्हें 'नाना' नाम उनकी मां की एक करीबी सहेली से मिला। बचपन में वह उन्हें प्यार से 'नाना-नाना' कहकर बुलाती थीं। धीरे-धीरे घर और आसपास के लोग भी इसी नाम से उन्हें पुकारने लगे।



किरदार में उतरने के लिए किरदार से टकराते थे नाना

आम आदमी की झुंझलाहट के अभिनेता

श्रद्धांजलि
देवेन्द्रराज सुथार

हिंदी और मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अब हमारे बीच नहीं रहे। 75 वर्ष की उम्र में उन्होंने गुरुवार सुबह गोवा में अंतिम सांस ली। उनके बेटे मल्हार पाटेकर ने निधन की पुष्टि की। मिली जानकारी के मुताबिक सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद मेडिकल टीम गोवा स्थित उनके घर पहुंची, जहां वे बेहोश मिले। उन्हें तुरंत मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सुबह 5:20 बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि नाना ने 1978 में फिल्म गमन से उन्होंने हिंदी सिनेमा में अभिनय की शुरुआत की। ब्रिटिश टेलीविजन श्रृंखला लॉर्ड माउंटबैटन: द लास्ट वायसराय में भी वे नजर आए। इसके बाद 1980 के दशक में आज की आवाज, अंकुश और प्रतिघात जैसी फिल्मों में उन्होंने ऐसे किरदार निभाए, जिनमें गुस्सा सिर्फ संवाद में नहीं, पूरी देह में दिखता था। मोहरे, अवाम और त्रिशाग्नि जैसी फिल्में भी उसी सिलसिले की कड़ियां थीं। मीरा नायर की सलाम बॉम्बे!



(1988) में उनके काम की खूब तारीफ हुई। यह वह दौर था जब सजे-संवरे नायकों के बीच एक ऐसा अभिनेता उभर रहा था, जो आम आदमी की झुंझलाहट और बेबसी को बिना सजावट के पर्दे पर उतार देता था। 1989 में आई परिंदा उनके करियर का निर्णायक मोड़ साबित हुई। अन्ना सेठ की भूमिका के लिए उन्हें पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार व फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता पुरस्कार मिला। परिंदा के आखिरी दृश्य की शूटिंग में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गए थे और करीब साल भर बाद शूटिंग पर लौटे। 1992 की अंगार के लिए उन्हें फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ खलनायक पुरस्कार मिला। राजू बन गया जेंटलमैन और तिरंगा जैसी फिल्मों ने उन्हें घर-घर का चेहरा बना दिया। 1994 की क्रांतिवीर में प्रताप नारायण तिलक की भूमिका ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाया, साथ ही फिल्मफेयर और स्क्रीन अवॉर्ड भी। अग्निसाक्षी के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, यानी कुल 3 राष्ट्रीय पुरस्कार उनके नाम रहे। पर्दे पर जितनी बड़ी उनकी पहचान थी, समाज के लिए उनका काम उतना ही खामोश और बेहद असरदार रहा। 2015 में सूखे से जूझते महाराष्ट्र के किसानों की मदद के लिए उन्होंने मराठी अभिनेता मकरंद अनासपुरे के साथ नाम फाउंडेशन की स्थापना की। अगस्त 2015 में विदर्भ के 62 किसान परिवारों को 15,000 रुपये के चेक बांटे व सितंबर 2015 में लातूर व उस्मानाबाद के 113 परिवारों तक भी मदद पहुंची। यह काम सुर्खियों के लिए नहीं था, इसलिए इसकी चर्चा अक्सर उनकी फिल्मों के शोर में दब गई। नाना के जाने से सिनेमा ने ऐसा अभिनेता खो दिया है जो किरदार में उतरने के लिए किरदार से टकराता था।



डोंजे गांव में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, उमड़ा जनसैलाब

भाषा ▶▶| पुणे

अभिनेता नाना पाटेकर का महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित उनके फार्महाउस में बृहस्पतिवार रात पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पाटेकर के पुत्र मल्हार ने उन्हें मुखाग्नि दी। डोंजे गांव स्थित फार्महाउस में हजारों लोग पाटेकर को अंतिम विदाई देने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने 'नाना अमर रहें' के नारे लगाए। अभिनेता के सहयोगियों के अनुसार, पाटेकर ने इच्छा जताई थी कि उनका अंतिम संस्कार फार्महाउस में किया जाए। अंतिम संस्कार के दौरान महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले और मुरलीधर मोहोल, महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल, उदय सामंत और माधुरी मिसाल, लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे, 'नाम फाउंडेशन' के सह-संस्थापक एवं अभिनेता मकरंद अनसपुरे, एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे, अभिनेता जैकी श्रॉफ, साजिद, फिल्म निर्माता अनिल शर्मा और साजिद नाडियाडवाला समेत बॉलीवुड, राजनीति, खेल और सामाजिक क्षेत्र की कई हस्तियां मौजूद थीं।

सादगी की मूर्त थे अभिनेता नाना पाटेकर

फिल्म यशवंत में रोहतक के वकील विनोद ने किया नाना के साथ काम


सन 1996 में बम्बई के पवई में हीरानंदानी काम्पलेक्स में यशवंत फिल्म की शूटिंग के दौरान कार की ड्राइविंग सीट पर विनोद अहलावत

रोहतक। पूर्व में अभिनेता एवं एडवोकेट विनोद अहलावत ने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे फिल्म जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने उनके साथ फिल्म जगत में किए गए कार्यों का अनुभव सांझा करते हुए बताया कि नाना पाटेकर एक प्रसिद्ध एवं हास्यमुख कलाकार रहे, जिन्होंने फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। विनोद ने बताया कि उन्होंने सन 1996 में बम्बई के पवई में हीरानंदानी काम्पलेक्स में यशवंत फिल्म की शूटिंग के दौरान अभिनेता नाना पाटेकर के साथ काम किया और इस दौरान जो अनुभव उन्हें मिला है वह उसे पूरी जिंदगी नहीं भुला सकते हैं। पाटेकर एक ऐसे शख्स थे, जो सादगी की मूर्ति थे और उस समय वह फिल्म का एक करोड़ रुपये मेहनताना लेते थे और उसमें से 90 लाख रुपये सामाजिक कार्यों के लिए दान करते थे। यशवंत फिल्म में उन्होंने नाना के साथ अहम भूमिका अदा की है। पाटेकर एक मिलनसार व्यक्ति थे।

सबने जताया शोक

अपूरणीय क्षति


नाना पाटेकर के सशक्त और भावपूर्ण अभिनय ने मानवीय अनुभवों को जीवंत किया है, और उनका जाना भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा किरदार में जिंदा रहेंगे।
-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

दमदार किरदार


बहुत कम अभिनेताओं में वह जबरदस्त अंदाज, अनोखापन और दमदार मौजूदगी होती है जो नाना पाटेकर में थी। उन्होंने हर किरदार में कमाल की विविधता और रचनात्मकता दिखाई और उन्हें पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा जेहन में रहेंगे


नाना पाटेकर का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी क्षति है और उनके यादगार किरदार हमेशा लोगों के जेहन में रहेंगे। 'उन्होंने अपने अभिनय, प्रभावशाली व्यक्तित्व की दुनिया में एक अमिट छाप छोड़ी। -नायब सिंह सैनी, सीएम



एक्टर मत खोना

नाना अक्सर समझाते थे। उनकी सबसे यादगार बातों में से एक थी, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' -शाहरुख खान



इंसान अमर नहीं

हर कोई जानता है कि इंसान अमर नहीं है, लेकिन यकीन नहीं हो रहा कि नाना अचानक चले गए। -राम गोपाल वर्मा

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28